हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, रविवार, 28 दिसंबर 2025

12 दस किलोमीटर लंबी डाली जाएगी सीमेंट की 24 इंची पाइप लाइन

12 250 खिलाड़ियों में से चुने गए 30 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

SURAJ EDUCATION

SURAJ
GROUP OF SCHOOLS

announces

Sunday 25 Jan. 2026

ADMISSION cum SCHOLARSHIP TEST

FOR CLASSES - 1st to 12th

All Campuses at 11:00 am

OUR DOCTORS

AIIMS Bilaspur — NEHA, Mrs. KRIPA & Mr. AMARJEET
AIIMS Gorakhpur — GAURAV, Mrs. PRIYANKA & Mr. VISHNU
AIIMS Vijaypur, Jammu — MAYANK, Mrs. PAVITA DEVI & Mr. DEV PRAKASH
AIIMS Guwahati — DEEPANSHU, Mrs. PINKY DEVI & Mr. NAVEEN

Esic Medical College PGIMSR, Bengaluru — AKANSHA, Mrs. KUSUMLATA & Mr. JAI BHAGWAN
Maharshi Chyawan Medical College Koriawas, Narnaul — PRIYANSHU, Mrs. SANTOSH DEVI & Mr. DHIRU YADAV
Kalpana Chawla Govt. Medical College Karnal — KHUSHI, Mrs. POONAM DEVI & Mr. KULDEEP
Esic Medical College PGIMSR, Bengaluru — RUCHI, Mrs. ANITA & Mr. PARVEEN
Atal Bihari Vajpayee Govt. Medical College Faridabad — DEEPIKA ANAND, Mrs. SAVITA & Mr. VIKAS
Govt. Medical College Maheshwaram — MEHA, Mrs. SUNITA & Mr. AJAY
Shaheed Hasan Khan Mewati Govt. Medical College Mewat — NIKHIL, Mrs. SUNITA & Mr. RAKESH
Autonomus State Medical College Peelibheet — MANISH K SAINI, Mrs. SANJU & Mr. HORILAL SAINI
PGIMS ROHTAK — RUBAAB KHAN, Mrs. ANNAJ & Mr. MUSAQIB
Shaheed Hasan Khan Mewati Govt. Medical College Mewat — RIDHI GARG, Mrs. REKHA & Mr. AJAY KUMAR GARG
Esic Medical College NOIDA (U.P.) — PRINCE, Mrs. KRISHNA SHARMA & Mr. YOGESH K SHARMA
Army College of Medical Sciences Delhi Cantt. — SANEHA YADAV, Mrs. PAWAN KUMARI & Mr. MUKESH KUMAR
Shaheed Hasan Khan Mewati Govt. Medical College Mewat — ADNAN, Mrs. KHURSIDAN & Mr. MOHD IQBAL

OUR IITIANS

IIT BANGALURU — MANVIK K GUPTA, Mrs. RATNA GUPTA & Mr. MANOJ K GUPTA
IIT GUWAHATI — ADITI YADAV, Mrs. SUNITA KUMARI & Mr. KOMAL KUMAR
IIT DHANBAD — HIMANSHI, Mrs. BIMLA DEVI & Mr. PAWAN
IIT MANDI — PUSHPRAJ, Mrs. PUSHPA YADAV & Mr. RAJKARAN
IIT PATNA — KARISHMA, Mrs. SANJAY DEVI & Mr. PAWAN DAHIYA
IIT ROPAD — ADITYA KUMAR, Mrs. SUNITA DEVI & Mr. JAIPAL SINGH
IIT MANDI — KALPANA, Mrs. SONU & Mr. OMPRAKASH
NIT ROURKELA — IRFAN, Mrs. SUSHIL & Mr. SHABBIR MOHAMMAD
IIT INDORE — ATUL, Mrs. SUNITA & Mr. RAJKUMAR PRAJAPATI
IIT ROORKEE — TEJAL, Mrs. SHARDA & Mr. VIJAY CHAND BADSARA
IIT BHU — AYUSHI TIWARI, MRS. SUDHA TIWARI & MR. VINOD TIWARI
IIT ROORKEE — TANUJ PAL, Mrs. BEENA DEVI & Mr. SHIV DUTTA PAL
IIT SONIPAT — PIYUSH KUMAR, Mrs. ASHA DEVI & Mr. MUKESH K MEENA
IIT DHANBAD — HIMANSHI, Mrs. KAVITA & Mr. JAI SINGH
IIIT GUWAHATI — AYUSH, Mrs. MUKESH & Mr. RAVINDER
DTU DELHI TECH UNIVERSITY — NIKHIL SHARMA, Mrs. PINKI DEVI & Mr. AJAY SHARMA
NIT KURUKSHETRA — NISHTHA, Mrs. NAMITA & Mr. PARVEEN KUMAR
NSUT DELHI — LUCKY SINGH YADAV, Mrs. BIRMATI YADAV & Mr. GAJENDER S YADAV
NIT KURUKSHETRA — SHIVA, Mrs. SUMAN & Mr. INDERPAL
DTU Delhi Technical University — AVIRAL, Mrs. SHEEL KUMARI & Mr. AJAY KUMAR SINGH

सूरज के नवचयनित सीए
C.A INDIA — C.A Final Examination

C.A. PRATIBHA — Mrs. MINAXI & Mr. SUNIL KUMAR
C.A. TWINKLE SHARMA — Mrs. BABITA BHARDWAJ & Mr. SHIVSHANKAR BHARDWAJ
C.A. TWINKLE — Mrs. MEENA SAINI & Mr. SUBHASH CHANDER
C.A. MUKUL JAIN — Mrs. PRACHI JAIN & Mr. MANOJ JAIN
C.A. POOJA AGARWAL — Mrs. SUMAN DEVI & Mr. MANOJ AGARWAL
C.A. MUSKAN CHHAPOLIYA — Mrs. SANJU CHHAPOLIYA & Mr. VIJAY CHHAPOLIYA

C.A. INTERMEDIATE Qualifiers

GUNGUN — Mrs. JYOTI DEVI & Mr. MOHAN LAL
MONIKA — Mrs. SUSHMA & Mr. ASHOK KUMAR
ANIKET SHARMA — Mrs. BABITA DEVI & Mr. RAMNIWAS
ASHISH AGARWAL — Mrs. MAMTA DEVI & Mr. NARESH AGARWAL
BADAL SINGH — Mrs. REKHA DEVI & Mr. VIKRAM SINGH
AMRITA CHAURASIYA — Mrs. SHEHLATA CHAURASIYA & Mr. ANIL CHAURASIYA
SOMAY YADAV — Mrs. ASHA DEVI & Mr. OMVEER YADAV
GAURAV YADAV — Mrs. MANISHA & Mr. SURESH KUMAR
ANURADHA GARG — Mrs RUCHI GARG & Mr. AMIT GARG

CSEET

BHARTI — Mrs. ASHA & Mr. ROHTASH
ANSHIKA GUPTA — Mrs. NEHA GUPTA & Mr. SHIV BABU GUPTA
SALONI YADAV — Mrs. PARMILA DEVI & Mr. HANSRAJ YADAV
HIMANSHI — Mrs. POONAM & Mr. RAJ SINGH
SIDHANSHU — Mrs. SANGEETA & Mr. HARINDER YADAV
TANU — Mrs. SARITA YADAV & Mr. DHARMENDER

C.A. FOUNDATION

YOGESH ROHILLA — Mrs. RENA & Mr. RAJESH KUMAR
SHUBHAM SHARMA — Mrs. RITU SHARMA & Mr. LAXMIKANT SHARMA
SAKSHI — Mrs. SEEMA DEVI & Mr. DEVENDER
RASHI GARG — Mrs. SANGEETA GUPTA & Mr. RAKESH GOYAL
HARSH KUMAR — Mrs. POONAM & Mr. ISHWAR YADAV
RITIKA — Mrs. RAKESH KUMARI & Mr. KARAN SINGH
ASHU SHARMA — Mrs. RENU & Mr. JASHWANT KUMAR
ANJALI — Mrs. SEEMA BALA & Mr. DINESH KUMAR
PRIYA — Mrs. REKHA & Mr. SATISH KUMAR
YOGESH — Mrs. SAVITA KUMARI & Mr. RAJESH KUMAR
KHUSHI — Mrs. POONAM & Mr. RAJENDER SINGH
AMISHA — Mrs. SONIA RANI & Mr. SURENDER SINGH

SURAJ SCHOOL CAMPUSES

SURAJ SCHOOL MAHENDERGARH — BUCHOLI ROAD, MAHENDERGARH — Tel : 9992715599, 9992716699
SURAJ SCHOOL REWARI — DELHI ROAD, REWARI — Tel : 9992111451, 9992555815
SURAJ SCHOOL KOSLI — GUDIYANI ROAD, KOSLI — Tel : 9050735235, 9053539083
SURAJ SCHOOL BAWAL — SECTOR-2, NEAR NH-8, BAWAL — Tel : 8222999801, 9416184252
SURAJ SCHOOL BHIWADI — ALWAR ROAD, BHIWADI — Tel : 7230999911, 8222999802
SURAJ SCHOOL PATAUDI — GURUGRAM ROAD, PATAUDI — Tel : 8814008822, 8607335533
SURAJ SCHOOL GURUGRAM — SPR ROAD, SECTOR 75, GURUGRAM — Tel : 8222999803, 8222999804
SURAJ SCHOOL GURUGRAM — SECTOR-56, GURUGRAM — Tel : 8745912222, 8745913333
SURAJ SCHOOL NARNAUL — 2ND MILE STONE, NARNAUL — Tel : 9053539071, 9053539072
SURAJ SCHOOL REWARI — SECTOR-19, REWARI — Tel : 9992666855, 9992666877
SURAJ SCHOOL DHARUHERA — SECTOR 24 - DHARUHERA — Tel : 9992111455, 9992111566
SURAJ SCHOOL MANESAR — SECTOR-1 - MANESAR — Tel : 9992555966, 9992555967
SURAJ SCHOOL GURUGRAM — SECTOR-52, GURUGRAM — Tel : 9992555961, 9992555962

Top Rankers... CLAT EXAM 2025

Rank 06 — DIVYA KHANNA, Mrs. Sharda Devi & Mr. Mukesh Kumar
Rank 14 — JHANVI, Mrs. Shikha Mittal & Mr. Sohan Lal
Rank 15 — ASHNA, Mrs Santosh Devi & Mr. Anil Kumar
Rank 29 — USHA, Mrs. Rajkumari & Mr. Anup Singh
Rank 124 — TANISHA, Mrs. Babli & Mr. Vijay Kumar
Rank 217 — KHUSHI, Mrs. Anita & Mr. Surender
Rank 251 — DRISHTI, Mrs. Ritu & Mr. Vinay Kumar
Rank 263 — DEEPANSHI, Mrs. Yogita & Mr. Mukesh Kumar

NDA Written Examination Qualifiers

PRINCE KUMAR — Mrs. ANITA DEVI & Mr. ANIL KUMAR
NISHANT — Mrs. ANUJA & Mr. JOGINDER SINGH
NIKHIL — Mrs. REKHA & Mr. RAJ SINGH
HARSH YADAV — Mrs. SAROJ BALA & Mr. DINESH KUMAR
TARUN — Mrs. PUSHPA & Mr. RAKESH
AVIRAL — Mrs. SHEEL KUMARI & Mr. AJAY KUMAR
HARSH KUMAR — Mrs. POONAM KUMARI & Mr. DEEPAK
SOHAM KUCHHAL — Mrs. PAYAL RANI & Mr. SURYAKANT
PANKAJ YADAV — Mrs. RAJ BALA & Mr. INDERJEET

CBSE RESULT Class - 12th

Above 95% — 26
Above 85% — 270
Above 75% — 662

SUPERB SELECTIONS 2025

300+ NEET (UG) | 280+ JEE MAINS | 65+ IIT-JEE ADVANCED | 90+ NDA WRITTEN | 55+ CA FOUNDATION & INTERMEDIATE

Providing Special facility for best preparation of
JEE / NEET / NDA / CA-CPT / CLAT

A.C. HOSTEL facility for boys & girls separately
at MAHENDERGARH CAMPUS

प्रकाशमय कल के लिए

इस साल लार्ज कैप फंड रहे विनर लेकिन स्मॉल कैप ने किया निराश

■ लार्ज कैप ने निवेशकों को बेहतर सुरक्षा दी ■ रिटर्न के मामले में भी बाकी श्रेणी को पीछे छोड़ा ■ साल 2025 में बाजार में रहा उतार-चढ़ाव

हलचल @2025

बिजनेस डेस्क

लार्ज कैप फंड एक प्रकार का म्यूचुअल फंड है जो मुख्य रूप से बड़े मार्केट कैपिटलाइजेशन वाली कंपनियों में निवेश करता है, जो आमतौर पर देश की टॉप 100 कंपनियां होती हैं। ये कंपनियां अच्छी तरह से स्थापित, वित्तीय रूप से मजबूत और अक्सर अपने क्षेत्रों में बाजार के नेता होती हैं। लार्ज कैप फंड्स को स्थिरता और कम जोखिम के लिए जाना जाता है, जो उन्हें रूढ़िवादी निवेशकों के लिए एक अच्छा विकल्प बनाता है।

साल 2025 ने म्यूचुअल फंड निवेशकों को एक साफ संदेश दिया है कि स्थिरता ही असली ताकत है। सालभर बाजार में उतार-चढ़ाव और सेक्टोरल रोटेशन के बीच लार्ज कैप म्यूचुअल फंड्स ने निवेशकों को न सिर्फ बेहतर सुरक्षा दी, बल्कि रिटर्न के मामले में भी बाकी कैटेगरी को पीछे छोड़ दिया। जहां लार्ज कैप फंड्स ने एक साल में औसतन 8.15% का रिटर्न दिया, वहीं स्मॉल कैप फंड्स निवेशकों के लिए सबसे बड़ी निराशा साबित हुए। यह साफ करता है कि 2025 में क्वालिटी, साइज और बैलेंस शीट की मजबूती हर मायने में हाई-रिस्क कैटेगरी पर भारी है। कैटेगरी वाइज देखें तो लार्ड एंड मिड कैप फंड, मल्टी कैप और मिडकैप फंड्स 2–3% के दायरे में ही सिमट गए, जबकि टेक्नोलॉजी सेक्टर फंड्स में 6.79% की गिरावट ने निवेशकों की उम्मीदों को झटका दिया। इसके उलट बैंकिंग और ऑटो-ट्रांसपोर्टेशन जैसे सेक्टोरल फंड्स ने 17% से ज्यादा का दमदार रिटर्न दिया, जिससे यह साफ हुआ कि 2025 स्टॉक-सेलेक्टिव और सेक्टर-ड्रिवन साल रहा। लार्ज कैप स्पेस में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल, मिराए एसेट, मोतीलाल ओसवाल और महिंद्रा मैनुलिफ़ जैसे फंड्स ने 10–11% के आसपास रिटर्न देकर साल का अंत मजबूत नोट पर किया। कुल मिलाकर, 2025 का साल यह सबक देकर गया कि अनिश्चित बाजारों में लार्ज कैप फंड्स निवेशकों के लिए सबसे भरोसेमंद साथी साबित होते हैं।

लार्ज कैप फंड के फायदे

- **स्थिरता:** लार्ज कैप कंपनियां बाजार में उतार-चढ़ाव के प्रति कम संवेदनशील होती हैं।
- **सुसंगत प्रदर्शन:** ये कंपनियां लंबे समय में स्थिर रिटर्न प्रदान करती हैं।
- **निम्न जोखिम:** लार्ज कैप फंड्स में निवेश करने से जोखिम कम होता है।
- **डिविडेंड आय:** कई लार्ज कैप कंपनियां नियमित डिविडेंड वितरित करती हैं।
- **विविधीकरण:** लार्ज कैप फंड्स विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करते हैं, जिससे जोखिम कम होता है।

फ्लेक्सी-कैप फंड की पॉपुलैरिटी बढ़ी

फ्लेक्सी-कैप फंड्स का औसत रिटर्न भले ही कुछ कमजोर दिख रहा है, लेकिन इसकी पॉपुलैरिटी बढ़ी है। फ्रैंकलिन टेम्पलटन म्यूचुअल फंड की लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक, बीते 12 महीनों में फ्लेक्सी-कैप फंड्स में सभी इक्विटी कैटेगरी में सबसे ज्यादा निवेश आया है। पिछले 12 महीनों में इन फंड्स में करीब 75,700 करोड़ का नेट निवेश दर्ज किया गया। इस कैटेगरी में निवेशकों ने जो खरीदा, उसमें बने रहे। यह दिखाता है कि निवेशक अब सिर्फ बाजार से जुड़े विकल्पों में ज्यादा पैसा नहीं लगा रहे, बल्कि ऐसे फंड भी चुन रहे हैं जो डायवर्सिफिकेशन और लचीलापन दोनों देते हैं। जैसे-जैसे म्यूचुअल फंड बैंक डिपॉजिट पर बढ़त बना रहे हैं, फ्लेक्सी-कैप फंड्स आने वाले समय में लंबी अवधि में संपत्ति बनाने की इस कहानी के केंद्र में बने रह सकते हैं।

एक साल में कितना रिटर्न कैटेगरीवाइज

फंड	रिटर्न
लार्ज कैप	8.15%
लार्ज एंड मिड कैप	1.96%
फ्लेक्सी कैप	3.26%
मल्टी कैप	1.98%
मिड कैप	2.76%
स्मॉल कैप	-5.31%
वैल्यू ओरिएंटेड	5.45%
ईएलएसएस	3.52%
सेक्टोरल-आटो एंड ट्रांसपोर्ट	17.32%
सेक्टोरल-बैंकिंग	17.42%
सेक्टोरल-फार्मा	0.04%
सेक्टोरल-टेक्नोलॉजी	-6.79%
थिमैटिक	2.52%

एक साल में टॉप लार्ज कैप फंड्स ये रहे

फंड्स	रिटर्न
आईसीआईसीआई प्रू	11.50%
निप्पॉन इंडिया इंडेक्स निफ्टी-50	11.40%
मीराए एसेट	11.00%
मोतीलाल ओसवाल	10.73%
महिंद्रा मैन्युलाइफ	10.59%
बजाज फिनसर्व	10.00%

टॉप लार्ज कैप म्यूचुअल फंड

- निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड
- आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज कैप फंड
- एसबीआई ब्लूचिप फंड
- एचडीएफसी लार्ज कैप फंड
- डीएसपी लार्ज कैप फंड

स्मॉल कैप फंड के फायदे

- **उच्च विकास क्षमता:** स्मॉल कैप कंपनियों में उच्च विकास क्षमता होती है, जिससे उच्च रिटर्न मिल सकता है।
- **निम्न मूल्यांकन:** स्मॉल कैप कंपनियों के शेयर अक्सर कम मूल्य पर उपलब्ध होते हैं, जिससे निवेश की लागत कम होती है।
- **विविधीकरण:** स्मॉल कैप फंड्स विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करते हैं, जिससे जोखिम कम होता है। **लॉन्ग-टर्म ग्रोथ:** स्मॉल कैप कंपनियों में लॉन्ग-टर्म ग्रोथ की संभावना अधिक होती है।

स्मॉल कैप फंड के नुकसान

- **उच्च जोखिम :** स्मॉल कैप कंपनियों में जोखिम अधिक होता है, जिससे निवेश का मूल्य कम हो सकता है।
- **अस्थिरता :** स्मॉल कैप शेयरों की कीमतें अधिक अस्थिर होती हैं, जिससे निवेश का मूल्य तेजी से बदल सकता है।
- लिक्विडिटी : स्मॉल कैप शेयरों में लिक्विडिटी कम होती है, जिससे निवेश को बेचना मुश्किल हो सकता है।

2025 चांदी ने दिया बंपर रिटर्न

■ निवेशकों ने 100 फीसदी से ज्यादा रिटर्न लिया
■ अब मुनाफा वसूल करें या निवेश बनाए रखें
■ चांदी की बढ़त ने सभी निवेशों को पीछे छोड़ा

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

साल 2025 में सिल्वर ईटीएफ ने जबरदस्त प्रदर्शन दिया है। इस साल अब तक निवेशकों को 100 फीसदी से भी ज्यादा का रिटर्न मिल चुका है। चांदी की बढ़त ने बाकी सभी निवेशों को पीछे छोड़ दिया है। ऐसे में निवेशक इस उलझन में हैं कि क्या उन्हें अपना मुनाफा वसूल लेना चाहिए (प्रॉफिट बुकिंग) या निवेश बनाए रखना चाहिए? बाजार के जानकारों की सलाह है कि अगर आपके पोर्टफोलियो में चांदी का हिस्सा तय सीमा से ज्यादा हो गया है, तो थोड़ा मुनाफा वसूल लेना चाहिए। अपने निवेश को संतुलित (रीबैलेंस) करने के लिए कुछ हिस्सा बेचकर वापस पुराने लक्ष्य पर आ जाना ही समझदारी है।

क्या कहते हैं एक्सपर्ट?

चांदी में आई 110-130% की भारी बढ़त के बाद मुनाफावसूली करना सही रहेगा। अपने मुनाफे का 25 से 33 फीसदी हिस्सा निकाल लें और जब बाजार गिरे तो फिर से खरीदारी करें। 5 साल के नजरिए से निवेश करना अभी भी अच्छा है। बस इमोशनल होकर फैसला न लें और अनुशासन बनाए रखें। हालांकि मांग मजबूत है। लेकिन कम समय के लिए पैसा लगाने वालों को उतार-चढ़ाव से सावधान रहना चाहिए। वे सलाह देते हैं कि जो लोग ईटीएफ के जरिए चांदी में निवेश कर रहे हैं, उन्हें तेजी आने पर कुछ मुनाफा निकाल लेना चाहिए।

कितना दिया रिटर्न?

साल 2025 में अब तक सिल्वर ईटीएफ ने औसतन 127.31% का रिटर्न दिया है। इस दौरान 21 अलग-अलग फंड्स ने 122% से लेकर 130% तक का मुनाफा कराया। यूटीआई सिल्वर ईटीएफ 130.02% रिटर्न के साथ सबसे आगे रहा। इसके बाद एसबीआई सिल्वर ईटीएफ एफओएफ ने 129.46% का रिटर्न दिया। निप्पॉन इंडिया सिल्वर ईटीएफ ने 127.61% और टाटा सिल्वर ईटीएफ ने करीब 122.68% का फायदा कराया।

क्या अब देर हो गई है?

अब उतने बड़े लेवल पर पैसा लगाना शायद सही न हो जितना कुछ महीने पहले था। चांदी आपके कुल निवेश का छोटा हिस्सा (5-9%) ही होनी चाहिए। नए निवेशकों को एक साथ सारा पैसा लगाने के बजाय किश्तों (एसआईपी) में निवेश करना चाहिए। अभी देर नहीं हुई है, लेकिन एक साथ बड़ी रकम लगाने से बचें। अगर चांदी के दाम गिरकर 1,70,000 से 1,78,000 रुपये प्रति किलो के पास आएं, तो खरीदारी का अच्छा मौका होगा।

आगे क्या होगा?

जानकारों का कहना है कि अब, जबकि चांदी 2 लाख रुपये के पार है, तो 2026 के लिए अगले साल शायद 2025 जैसी धमाकेदार बढ़त न मिले। मुनाफा धीरे-धीरे होगा और बीच-बीच में कीमतें गिरेंगी भी। वहीं, निकुंज सर्राफ को उम्मीद है कि सोलर सेक्टर में बढ़ती मांग और दुनिया भर में सप्लाई की कमी की वजह से 2026 में भी चांदी की मजबूती बनी रहेगी।

क्या है सिल्वर ईटीएफ

सिल्वर ईटीएफ (एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड) एक प्रकार का निवेश साधन है जो चांदी की कीमतों पर आधारित होता है। यह एक ऐसा फंड है जो चांदी की कीमतों के साथ-साथ चलता है और निवेशकों को चांदी में निवेश करने का अवसर प्रदान करता है।

सिल्वर ईटीएफ के फायदे

- चांदी में निवेश : सिल्वर ईटीएफ चांदी में निवेश करने का एक आसान और सुविधाजनक तरीका है।
- लिक्विडिटी : सिल्वर ईटीएफ शेयर बाजार में सूचीबद्ध होते हैं, जिससे उन्हें आसानी से खरीदा और बेचा जा सकता है।
- निम्न लागत : सिल्वर ईटीएफ की लागत कम होती है, जिससे निवेशकों को अधिक रिटर्न मिल सकता है।
- विविधीकरण : सिल्वर ईटीएफ निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो में विविधीकरण करने में मदद करता है।

सिल्वर ईटीएफ के नुकसान

- चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव : सिल्वर ईटीएफ की कीमतें चांदी की कीमतों पर आधारित होती हैं, जो उतार-चढ़ाव के अधीन होती हैं।
- जोखिम : सिल्वर ईटीएफ में निवेश करने से जोखिम होता है, क्योंकि चांदी की कीमतें भविष्य में कम हो सकती हैं।
- स्टोरेज और सुरक्षा : सिल्वर ईटीएफ में निवेश करने से पहले निवेशकों को चांदी के स्टोरेज और सुरक्षा के बारे में विचार करना चाहिए [1][2][3]।

भारत में सिल्वर ईटीएफ

- कोटक सिल्वर ईटीएफ
- एसबीआई सिल्वर ईटीएफ
- एचडीएफसी सिल्वर ईटीएफ
- आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल सिल्वर ईटीएफ
- यूटीआई सिल्वर ईटीएफ

छोटे व्यापारियों के लिए बेहद जरूरी है क्लाइमेट इंश्योरेंस

जलवायु परिवर्तन अब सिर्फ भविष्य की चेतावनी नहीं रहा, बल्कि यह छोटे व्यापारियों और दुकानदारों की रोजमर्रा की जिंदगी को सीधे प्रभावित कर रहा है। बाढ़, भीषण गर्मी, भारी बारिश और चक्रवात जैसी घटनाएं पहले के मुकाबले अधिक आ रही है और ज्यादा तीव्रता से हो रही हैं। इसका सबसे बड़ा असर देश के छोटे व्यापारियों और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) पर पड़ रहा है, जिनकी आमदनी रोज के कारोबार पर टिकी होती है। जानकारों का कहना है कि अधिकतर छोटे व्यापारी सीमित बचत के साथ काम करते हैं। ऐसे में अगर किसी प्राकृतिक आपदा की वजह से दुकान या कारखाना कुछ दिनों के लिए भी बंद हो जाए, तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। कई बार कुछ दिन का नुकसान ही महीनों की कमाई पर भारी पड़ जाता है।

प्राकृतिक आपदाओं से बचाव

"क्लाइमेट इंश्योरेंस छोटे व्यापारियों के लिए एक ऐसा सुरक्षा साधन है, जो उन्हें प्राकृतिक आपदाओं से उबरने में मदद करता है। इस बीमा के तहत बाढ़, तेज बारिश, गर्मी या चक्रवात जैसी घटनाओं से दुकान, गोदाम, मशीनरी और सामान को हुए नुकसान को कवर किया जा सकता है। इतना ही नहीं, अगर किसी आपदा की वजह से कारोबार अस्थायी रूप से बंद करना पड़े और आमदनी रुक जाए, तो क्लाइमेट इंश्योरेंस से आय के नुकसान की भरपाई भी की जा सकती है।" इस तरह का बीमा छोटे व्यापारियों को जल्दी दोबारा कारोबार शुरू करने में मदद करता है। बिना बीमा के कई व्यापारी मरम्मत या दोबारा स्टॉक खरीदने के लिए पैसों का इंतजाम नहीं कर पाते, जिससे दुकान लंबे समय तक बंद रहती है। इसका नतीजा यह होता है कि ग्राहक दूसरी जगह चले जाते हैं और कारोबार को दोबारा खड़ा करना मुश्किल हो जाता है। कई मामलों में तो छोटे व्यवसाय पूरी तरह से उबर ही नहीं पाते।

पैरामीट्रिक इंश्योरेंस

आज के समय में क्लाइमेट इंश्योरेंस के ऐसे समाधान भी मौजूद हैं, जो खास तौर पर छोटे व्यापारियों और एमएसएमई के लिए बनाए गए हैं। इनमें से एक है पैरामीट्रिक इंश्योरेंस। यह पारंपरिक बीमा से अलग होता है, क्योंकि इसमें नुकसान का लंबा आकलन करने की जरूरत नहीं पड़ती। "पैरामीट्रिक इंश्योरेंस में पहले से तय मौसम से जुड़े संकेतकों, जैसे तय सीमा से ज्यादा बारिश या तापमान बढ़ने पर, अपने आप भुगतान सक्रिय हो जाता है। इससे बीमा राशि जल्दी मिल जाती है। यह व्यवस्था एमएसएमई के लिए इसलिए फायदेमंद है, क्योंकि इसमें पुराने नुकसान के विस्तृत रिकॉर्ड की जरूरत नहीं होती, इसे समझना आसान होता है और आपदा के समय तुरंत पैसा मिल जाता है।" जब किसी आपदा के तुरंत बाद पैसे मिल जाते हैं, तो व्यापारी जल्दी मरम्मत करा सकते हैं, नया सामान ला सकते हैं और दोबारा काम शुरू कर सकते हैं। इससे उनका आत्मविश्वास भी बना रहता है कि मुश्किल हालात में भी वे फिर से खड़े हो सकते हैं।

सुरक्षा नहीं, बल्कि जरूरत बनाता क्लाइमेट इंश्योरेंस

क्लाइमेट इंश्योरेंस को अब सिर्फ एक अतिरिक्त सुविधा नहीं, बल्कि छोटे व्यापारियों के लिए एक बुनियादी सुरक्षा उपकरण के रूप में देखा जाना चाहिए। यह न सिर्फ उनकी आमदनी की रक्षा करता है, बल्कि आपदा के बाद जल्दी संभलने में भी मदद करता है। अचानक आने वाले जलवायु से जुड़े झटकों के बावजूद कारोबार को जारी रखने में यह अहम भूमिका निभाता है। बदलते मौसम और बढ़ती अनिश्चितताओं के दौर में छोटे व्यापारियों और दुकानदारों के लिए क्लाइमेट इंश्योरेंस एक ऐसा सहारा बन सकता है, जो मुश्किल समय में उन्हें पूरी तरह टूटने से बचाए और फिर से आगे बढ़ने का भरोसा दे।

वर्ष 2025 का साल भारत के टैक्स सिस्टम के लिए काफी अहम रहा। सरकार ने जीएसटी में बड़ी कटौती की, इनकम टैक्स में छूट की लिमिट बढ़ाई गई और लोगों के हाथ में ज्यादा पैसे रहने देना का इरादा दिखाया। इसका मकसद था कि मुश्किल वैश्विक हालात में घरेलू खपत बढ़े और अर्थव्यवस्था को सहारा मिले। विदेशी टैरिफ की अनिश्चितता के बीच ये बदलाव घरेलू मांग को मजबूत करने पर फोकस करते हैं। अब नजर कस्टम्स ड्यूटी को सरल बनाने और रेट कम करने पर है।

जीएसटी स्लैब और इनकम टैक्स में हुए बड़े बदलाव, मिडिल क्लास को राहत

कम स्लैब और चीजें सस्ती

साल की सबसे बड़ी खबर रही जीएसटी में भारी बदलाव। 22 सितंबर से करीब 375 सामानों और सर्विसेज पर टैक्स रेट कम कर दिए गए। रोजमर्रा की चीजों पर बोझ कम हुआ और लंबे समय से चली आ रही इनवर्टेड ड्यूटी की समस्या भी काफी हद तक सुलझी। पहले जीएसटी में 5%, 12%, 18% और 28% के चार मुख्य स्लैब थे। अब इन्हें 5% और 18% के दो मुख्य रेट में समेट दिया गया है। हालांकि, तंबाकू, सिगरेट, सिगार, गुटखा, पान मसाला आदि पर 40% का हाई रेट रखा गया है। इस बदलाव से जीएसटी सिस्टम ज्यादा आसान और भरोसेमंद हो गया। सरकार का दावा है कि स्लैब कम होने से झगड़े कम होंगे और कंप्लायंस आसान। अप्रैल में जीएसटी कलेक्शन रिकॉर्ड 2.37 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा था, जबकि पूरे साल औसतन 1.9 लाख करोड़ रुपये रहा। लेकिन रेट कटौती के बाद थोड़ा दबाव पड़ा और ग्रोथ धीमी हुई।

कलेक्शन वर्ष के सबसे निचले स्तर पर

नवंबर में कलेक्शन साल के सबसे निचले स्तर पर आ गया, जो 1.70 लाख करोड़ रुपये रहा। यह पिछले साल की तुलना में सिर्फ 0.7% की बढ़ोतरी थी। नवंबर वो पहला महीना था जब सितंबर की कटौती का पूरा असर दिखा। फिर भी ये सुधार लोगों के लिए फायदेमंद साबित हो रहे हैं। आम इस्तेमाल की चीजें सस्ती हुईं, जिससे खपत बढ़ने की उम्मीद है।

इनकम टैक्स में राहत

मिडिल क्लास को बड़ा तोहफा

डायरेक्ट टैक्स के मोर्चे पर भी सरकार ने हाथ खोले। इनकम टैक्स की छूट लिमिट बढ़ाकर मिडिल इनकम वालों को राहत दी गई। लोगों के पास ज्यादा डिस्पोजेबल इनकम आए, खासकर शहरों में रहने वाले परिवारों को बड़ा फायदा हुए। इससे खुद टैक्स देने की आदत भी मजबूत हुई। 2025 के बजट में नई टैक्स व्यवस्था में 12 लाख रुपये सालाना आय तक कोई इनकम टैक्स नहीं देने का ऐलान हुआ। ये वो व्यवस्था है जिसमें कम रेट हैं लेकिन छूट या डिडक्शन का फायदा नहीं मिलता।

नए रेट कुछ इस तरह

- 4 से 8 लाख रुपये तक 5%
- 8 से 12 लाख रुपये तक 10%
- 12 से 16 लाख रुपये तक 15%
- 16-20 लाख रुपये पर 20%
- 20-24 लाख रुपये पर 25%
- 24 लाख रुपये से ऊपर 30%

टैक्स कलेक्शन धीमा

इन कटौती से अप्रैल से दिसंबर मध्य तक नॉन-कॉर्पोरेट टैक्स कलेक्शन धीमा पड़ा। व्यक्तियों, एचयूएफ और फर्म्स का नेट टैक्स सिर्फ 6.37% बढ़कर 8.47 लाख करोड़ हुआ, जबकि कॉर्पोरेट टैक्स 10.54% बढ़कर 8.17 लाख करोड़ रुपये पहुंचा। इस साल रिफंड 14% घटकर 2.97 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रहे। अगले साल से नया सिंपल इनकम टैक्स एक्ट 2025 लागू होगा, जो 1 अप्रैल से शुरू होकर पुराने 1961 के एक्ट की जगह लेगा। सिगरेट पर एक्स्ट्रा एक्साइज ड्यूटी और पान मसाला पर सेस लगाने के दो नए कानून भी सरकार जब चाहे लागू कर देगी।

कस्टम्स ड्यूटी पर अब फोकस

जीएसटी और इनकम टैक्स के बड़े सुधार हो जाने के बाद अब नजर कस्टम्स पर है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कस्टम्स को सरल बनाना सरकार का अगला बड़ा सुधार होगा। इनकम टैक्स जैसी पारदर्शिता और फेसलेस असेसमेंट कस्टम्स में लाना जरूरी है। साथ ही ड्यूटी रेट को रेशनलाइज करना भी। पिछले दो साल में कस्टम्स ड्यूटी लगातार घटी है। लेकिन जहां रेट अभी भी ज्यादा हैं, उन्हें कम करना बाकी है। वित्त मंत्री ने कहा था, "कस्टम्स मेरा अगला बड़ा क्लीन-अप काम है।" 2025-26 बजट में इंडस्ट्रियल गुड्स पर सात अतिरिक्त टैरिफ रेट हटाने का प्रस्ताव था, जिससे कुल स्लैब आठ रह गए। पहले 2023-24 में भी सात टैरिफ हटाए गए थे। एक्सपर्ट्स का मानना है कि ट्रेड के बदलते पैटर्न, कंप्लायंस कॉस्ट और प्रोसीजर की दिक्कतों को देखते हुए कस्टम्स में सुधार जरूरी हैं।

एक बड़ी एफडी की सबसे बड़ी समस्या तब आती है, जब अचानक पैसों की जरूरत पड़े

फिक्स्ड डिपॉजिट निवेश के सबसे भरोसेमंद तरीकों में से एक

सात लाख को ऐसे करें निवेश, मिलेगा बड़ा फायदा, एक एफडी में लगाएं पैसे या फिर कई सारी का विकल्प बेहतर

बिजनेस डेस्क

पैसा कमाने के लिए मेहनत और अनुशासन दोनों चाहिए, लेकिन उसे समझदारी से कहां निवेश किया जाए, यह फैसला उतना ही अहम होता है। आज के दौर में सिर्फ पैसे बचाकर रखना न तो सुरक्षित भविष्य की गारंटी देता है और न ही महंगाई को मात दे पाता है। मजबूत फाइनेंशियल कुशल बनने के लिए जरूरी है कि निवेश आपके लक्ष्य, जोखिम लेने की क्षमता और समय के हिसाब से किया जाए। शेयर, इक्विटी म्यूचुअल फंड, पीपीएफ और सरकारी बचत योजनाओं जैसे कई विकल्प मौजूद हैं, लेकिन, इसके बावजूद बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) आज भी सुरक्षा और स्थिर रिटर्न चाहने वाले निवेशकों की पहली पसंद बने हुए हैं।

पैसा कमाने के लिए मेहनत और अनुशासन चाहिए

एफडी क्यों है सबसे भरोसेमंद विकल्प

भारत में फिक्स्ड डिपॉजिट को सबसे सुरक्षित निवेश विकल्पों में गिना जाता है। क्योंकि इसमें पूंजी सुरक्षित रहती है और रिटर्न पहले से तय होता है। एफडी की ब्याज दर पर बाजार के उतार-चढ़ाव का असर भी नहीं पड़ता। साथ ही, डीआईसीजीसी इंश्योरेंस के तहत 5 लाख रुपये तक की जमा रकम सुरक्षित रहती है। इससे निवेशकों को अतिरिक्त भरोसा मिलता है। बैंक और एनबीएफसी 7 दिन से लेकर 10 साल तक की अवधि के लिए एफडी की सुविधा देते हैं। हालांकि, एफडी से बेहतर रिटर्न पाने के लिए सिर्फ पैसा जमा करना काफी नहीं होता, बल्कि सही अवधि और सही स्ट्रक्चर चुनना भी जरूरी होता है।

एक एफडी या कई एफडी, किसमें फायदा

निवेशकों के मन में अक्सर यह उलझन रहती है कि पूरी रकम एक ही एफडी में लगाई जाए या उसे कई एफडी में बांटा जाए। अब मान लीजिए आपके पास 7 लाख रुपये हैं, तो क्या 7 लाख की एक एफडी बेहतर है या 1-1 लाख की सात एफडी। एक्सपर्ट्स बताते हैं कि अगर ब्याज दर समान है, तो मैच्योरिटी पर मिलने वाली कुल रकम दोनों ही मामलों में बराबर रहेगी। फर्क सिर्फ सुविधा, लचीलापन और जरूरत पड़ने पर पैसे निकालने की आसानी में होता है।

बड़ी एफडी के फायदे क्या हैं

एक बड़ी एफडी का सबसे बड़ा फायदा इसकी सादगी है। इसमें आपको सिर्फ एक ही डिपॉजिट करना होता है, एक ही मैच्योरिटी डेट होती है और ब्याज भी एक जगह ही जुड़ता है। निवेश को ट्रैक करना आसान रहता है, न तो कई एफडी रसीदें संभालने की झंझट होती है और न ही अलग-अलग मैच्योरिटी याद रखने की जरूरत पड़ती है। जो निवेशक 'लगाओ और भूल जाओ' वाला तरीका पसंद करते हैं, उनके लिए यह विकल्प काफी सुविधाजनक माना जाता है। लंबी अवधि के लिए पैसा लॉक करने से ब्याज दर स्थिर रहती है और निवेशक बिना किसी रुकावट के मैच्योरिटी तक बेहतर रिटर्न हासिल कर सकता है। खासकर रिटायर्ड लोग या ऐसे निवेशक, जिनके पास पहले से इमरजेंसी फंड मौजूद है, उनके लिए एक बड़ी एफडी मानसिक शांति देने वाला विकल्प बन सकती है।

एक बड़ी एफडी के नुकसान समझना जरूरी

एक बड़ी एफडी की सबसे बड़ी समस्या तब आती है, जब अचानक पैसों की जरूरत पड़ जाए। अगर आपको सिर्फ 50,000 रुपये चाहिए, तो आप आंशिक निकासी नहीं कर सकते। पूरी एफडी तोड़नी पड़ेगी, जिस पर पूरे अमाउंट पर पेनल्टी लगेगी और कुल रिटर्न घट जाएगा। इसके अलावा सुरक्षा का पहलू भी अहम है। भारत में डीआईसीजीसी नियमों के तहत एक बैंक में जमा राशि पर सिर्फ 5 लाख रुपये तक का ही इंश्योरेंस मिलता है। ऐसे में 7 लाख रुपये एक ही बैंक में रखने पर 2 लाख रुपये अनइंश्योर्ड रह जाते हैं। जरूरत पड़ने पर पूरी रकम नहीं, सिर्फ एक एफडी तोड़नी पड़ती है, जिससे बाकी पैसा ब्याज कमाता रहता है। प्रीमैच्योर विदड्रॉल की पेनल्टी सिर्फ उसी एफडी पर लगती है, पूरी रकम पर नहीं।

खबर संक्षेप

अनाज भंडारण के लिए गोदाम बनवाने की मांग

भिवानी। भारतीय किसान संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक कुरुक्षेत्र के डीडीए विभाग के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेशभर के पदाधिकारियों ने शिरकत की, लेकिन मुख्य केंद्र भिवानी और दादरी क्षेत्र की कृषि समस्याएं और उनके समाधान रहे। बैठक में मुख्यतिथि के रूप में कृषिमंत्री श्याम सिंह राणा मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सतीश छिकारा और प्रदेश महामंत्री रामबीर चौहान ने की।

सीएम पैक्स वेलफेयर एसो. ने किया आंदोलन का ऐलान

भिवानी। पर्यावरण संरक्षण और अरावली पर्वत श्रृंखला को खनन व अतिक्रमण से बचाने के लिए अब सामाजिक संगठनों ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में सीएम पैक्स वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यवाहक प्रधान प्रविंद्र मांढ़ी ने अरावली बचाओ आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया है। मांढ़ी ने स्पष्ट किया कि आंदोलन केवल प्रतिकात्मक विरोध नहीं, बल्कि अरावली की अस्मिता को बचाने की निर्णायक लड़ाई होगी।

लंबित मांगों के लिए सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

भिवानी। श्रीगुरु गोविंद सिंह के पावन प्रकाशोत्सव पर राष्ट्रवादी परिवर्तन पार्टी ने सामाजिक समरसता और समान विकास का संदेश देते हुए भिवानी शहर में प्रजापति समाज से जुड़ी लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन भेजा।

पेड़ पौधे ही हमारे सच्चे मित्र है: कुलदीप शास्त्री

बाढड़ा। गांव नांधा के आर्दश वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गुरू गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर पर्यावरण पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा जिला सचिव व एक पेड मां के नाम जिला संयोजक कुलदीप शास्त्री चांदवास ने शिरकत करते हुए कहा कि पेड़ पौधे ही हमारे सच्चे मित्र हैं बगैर पेड़ पौधे हमारे जीवन का कोई आधार नहीं है। पेड़ पौधों के बगैर हम जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते।

मूकबधिर खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

भिवानी। हरियाणा स्पोर्ट्स काउंसिल ऑफ द डेफ द्वारा आयोजित नौवीं हरियाणा राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता ग्रुरुगाम के ताऊ देवीलाल स्पोर्ट्स स्टेडियम में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई, जिसमें आस्था स्पेशल स्कूल के मूकबधिर विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया और विद्यालय का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया। आस्था स्पेशल स्कूल के बधिर दिव्यांगों ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छह पदक जीते।

खुशियों की दीवार का तीसरा दिन

लोहारू। वरिष्ठ बैंक प्रबंधक नीरज शर्मा ने कहा कि प्रयास संगठन सामाजिक सरोकारों के तहत खुशियों की दीवार, रिश्तों में गर्माहट, खुशियां आपके द्वार जैसे कार्यक्रम चलाकर जरूरतमंदों की उम्मीदों पर खरा उतर कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरने का काम कर रहे हैं। जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान उनके कार्यक्रम की सार्थकता को फलीभूत कर रहे हैं।

प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की वंदना प्रथम

भिवानी। राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. त्रिलोकचंद की अध्यक्षता में नारकोटिक्स सेल के तत्वावधान में नशीली दवाओं के प्रति जागरूकता पर पीपीटी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। प्रतियोगिता का संचालन संयोजक प्रोफेसर मुकेश कुमार, सहायक प्रोफेसर मनोविज्ञान विभाग ने किया।

श्रीबालाजी स्कूल में मनाया वीर बाल दिवस

भिवानी। गांव कलिंगा स्थित श्रीबालाजी स्कूल में साहिबजादा जोरावर सिंह व फतेह सिंह के बलिदान की स्मृति में मनाए जाने वाले वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया।

उमरावत व आसपास के गांव बूंद-बूंद को तरसे, बंजर बनती जा रही जमीन

करोड़ों खर्च होने के बाद सांगा माइनर में नहीं पहुंच रहा पानी

सरकार के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने के दावे खोखले, सांगा माइनर धरातल पर फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भाजपा सरकार अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने का ऐतिहासिक कार्य करने का दावा कर रही हैं, वहीं जिले के गांव उमरावत सहित सांगा माइनर से जुड़े क्षेत्रों में सरकार के ये सभी दावे हवाई और कागजी साबित हो रहे हैं। हकीकत ये है कि यहां न पीने को पर्याप्त जल उपलब्ध है और न ही खेती की सिंचाई के लिए पानी मिल रहा। किसान भोलूराम, उमेदसिंह, रामधारी, संदीप, संजय व मुकेश ने बताया कि सरकार ने सांगा माइनर के नवनिर्माण पर करोड़ों रुपये खर्च किए, इसके बावजूद ये परियोजना धरातल पर पूरी तरह फेल साबित हो रही हैं। गांव में हालात इतने खराब हैं कि एक माह में महज एक या दो बार ही पानी की सप्लाई हो पाती है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि माइनर से पहले खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए बनाई गई छोटी-छोटी नालियां पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। कई स्थानों पर नालियां टूट चुकी हैं और कुछ जगहों से ईंटें भी निकाल ली गई हैं। ऐसी स्थिति में नहर में पानी छोड़ा भी जाता है तो वह खेतों तक पहुंच ही नहीं पाता, जिससे किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। उन्होंने कहा कि नहर से 8 इंची पाइप लाइन के जरिए गांव के जलघर तक पानी पहुंचाने के लिए लाखों रुपये खर्च किए गए, लेकिन योजना नाकाम साबित हुई है।

पीने व सिंचाई की बनी समस्या
कर्ज में डूब रहे किसान

भिवानी। पानी के इंतजार में सूखी पड़ी नहर। फोटो: हरिभूमि

जनप्रतिनिधियों से लगाई गुहार, समाधान नदारद

ग्रामीणों का कहना है कि समय पर सिंचाई के लिए पानी मिल जाए तो किसान आत्मनिर्भर बन सकते हैं। हर बार विधायक और जनप्रतिनिधियों के सामने किसान समस्या रखते हैं, लेकिन केवल आश्वासन ही मिलते हैं, जमीनी स्तर पर आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई हैं। ग्रामीणों ने सरकार से खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए क्षतिग्रस्त नालियों का तुरंत पुनर्निर्माण करवाने, सांगा माइनर में पर्याप्त मात्रा में पानी छोड़ने, पेयजल योजना की तकनीकी जांच कर नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार ने जल्द ध्यान नहीं दिया, तो क्षेत्र की खेती पूरी तरह समाप्त हो जाएगी।

बंजर हो रही जमीन, डार्क जोन में तब्दील हुआ क्षेत्र

सांगा माइनर से उमरावत, धारेडू, पूर्णपुरा, ढाणा नरसान, कोंट व मानहेरू तक नहर के आसपास के गांवों की हजारों एकड़ जमीन अब बंजर होती जा रही है। भू-जल स्तर लगातार गिरने से इलाका डार्क जोन घोषित हो चुका है, जहां खेती करना दिन-ब-दिन मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पानी की किल्लत के चलते कई किसान अपनी पुश्तैनी जमीन बेचकर शहरों में पलायन कर चुके हैं। बेटियों की शादी जैसे सामाजिक कार्यों के लिए किसानों को बैंकों में जमीन गिरवी रखनी पड़ रही है या फिर साहूकारों से कर्ज लेना पड़ रहा है।

हरियाणवी भाषा विकास मंच ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

भिवानी। कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी को ज्ञापन देते हरियाणवी भाषा विकास मंच के अध्यक्ष डॉ. वीएम बेचैन। फोटो: हरिभूमि

- हरियाणवी भाषा विकास सैल का गठन करें विश्वविद्यालय: डॉ. बेचैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में हरियाणवी भाषा विकास सैल का गठन किया जाए, ताकि हरियाणवी का उत्थान हो सके और संविधान की आठवीं अनुसूची में इसे स्थान मिलने में सहयोग मिल सके। यह अनुरोध ज्ञापन के माध्यम से विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी से हरियाणवी भाषा विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. वीएम बेचैन ने किया। कुलपति धर्माणी ने आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय हरियाणवी के उत्थान के लिए अवश्य कोई साकारात्मक कदम उठाएगा। मंच के अध्यक्ष डॉ. बेचैन ने बताया कि नई शिक्षा नीति भी कहती हैं कि पांचवी कक्षा तक विद्यार्थियों को आंचलिक भाषा में पढ़ाया जाए, ऐसे में शिक्षा के सर्वोच्च संस्थान विश्वविद्यालय भी आगे बढ़कर हरियाणवी कला संस्कृति और साहित्य को बढ़ावा देते हैं तो ये प्रदेश की सांस्कृतिक और सामाजिक व्यवस्था को मजबूत करने में कारगर कदम साबित होगा। डॉ. बेचैन ने बताया कि हरियाणवी भाषा विकास मंच प्रदेशभर के विश्वविद्यालयों में ज्ञापन के माध्यम से सभी कुलपतियों से अनुरोध करेगा कि वे अपने संस्थानों में न केवल हरियाणवी भाषा विकास सैल का गठन करें, बल्कि हरियाणवी कार्यक्रमों का वार्षिक कैलेंडर भी जारी करें और विद्यार्थियों में हरियाणवी के प्रति साकारात्मक रूझान पैदा करें।

सैल का करें गठन

डॉ. वीएम बेचैन ने कहा कि जल्द ही मंच हरियाणवी को लेकर चल रही प्रदेश स्तरीय मुहिम में और तेजी लाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणवी में भाषा बनने संबंधित जितनी भी जरूरी आवश्यकताएं हैं वो प्रदेश के साहित्यकारों द्वारा पूर्ण कर दी गई फिर भी हरियाणवी के प्रति सरकार की उदासीनता दिनों दिन बढ़ती जा रही है। हरियाणवी भाषा विकास मंच ने प्रदेश सरकार से भी अनुरोध किया है कि वे हरियाणवी के प्रति अपनत्व बरतें और सभी विश्वविद्यालयों में हरियाणवी भाषा विकास सैल का गठन करने का आदेश प्रदान करें।

रागिनी से सांस्कृतिक महाकुंभ संपन्न

- सांस्कृतिक सुरक्षा कवच का कार्य करते सांस्कृतिक कार्यक्रम: एसडीओ भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा की समृद्ध लोक विरासत को सहेजने और युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने के उद्देश्य से गांव उमरावत स्थित सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद सांस्कृतिक भवन में आयोजित पांच दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का रविवार को समापन हुआ। समापन समारोह का मुख्य आकर्षण रागिनी प्रतियोगिता रही, जिसमें प्रदेशभर से आए नामी कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनमोह लिया। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक ने की।

भिवानी। कवि शिरोमणी पंडित मांगेराम के सुपौत्र का सम्मान करते संगठन के पदाधिकारी।

लोककला मंच से सामाजिक संदेश

एसडीओ ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर अंतिम दिन की शुरुआत की। इस अवसर पर पारस डालमिया, राकेश गौड़ व नरेश पाहसौर ने बतौर अति विशिष्ट अतिथि शिरकत की। वक्ता बोले कि यह मंच नए कलाकारों को कला प्रदर्शित करने के लिए उचित मंच देने, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे राष्ट्रीय अभियानों को लोक कला के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने, खेलों में पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने, प्रत्येक कवि और कलाकार को बिना किसी भेदभाव के समान अवसर और सम्मान प्रदान करने की दिशा में समर्पित है।

किसानों के महापड़ाव को 165 दिन हुए पूरे

लोहारू। करोड़ों रुपयों के बकाया फसल बीमा क्लेम के भुगतान की मांग को लेकर लोहारू के लघु सचिवालय में संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले चल रहा किसानों का अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को 165वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान किसानों ने किसानों की मांगों के साथ साथ अरावली पर्वत श्रृंखला के संरक्षण के मुद्दे पर भी गहनता से चर्चा की। कर्ण सिंह जैनावास ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब से ये सत्ता पर काबिज हुए हैं किसान, मजदूर और छोटे व्यापारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो रही। मंडी में उसकी फसल को एमएसपी पर सरकार खरीदने को तैयार नहीं है। नकली बीजों और कीटनाशकों से उसका उत्पादन लगातार कम हो रहा है।

वाजपेयी की स्मृति में भाजपा की बैठक आयोजित

- संगठन के आगामी लक्ष्यों के लिए हर बूथ को अभेद्य बनाना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में शनिवार को तोशाम स्थित पंजाबी धर्मशाला में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में तोशाम विधानसभा के चारों मंडलों की समस्त कार्यकारिणी, बीएलए-2 (बूथ लेवल एजेंट), बूथ अध्यक्षों और बूथ पालकों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने की। बैठक का संचालन और समन्वय महामंत्री रमेश पचेरवाल और प्रदीप प्रजापति द्वारा किया गया। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सिद्धांतों को याद किया और संगठन की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर का कार्यकर्ता ही पार्टी की असली शक्ति है और आगामी लक्ष्यों के लिए हर बूथ को अभेद्य बनाना अनिवार्य है।

भिवानी। एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

चारों मंडलों के अध्यक्षों की पेश की रिपोर्ट

वीरेंद्र कौशिक ने बताया कि इस कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ ने यह स्पष्ट कर दिया है कि तोशाम विधानसभा में भाजपा अपने जमीनी तंत्र को बेहद सक्रिय और संगठित कर रही है। बैठक में तोशाम विधानसभा के अंतर्गत आने वाले चारों मंडलों के अध्यक्षों विक्की महता, कुलदीप महला, जगत कौशिक और सतीश वर्मा ने अपने-अपने क्षेत्रों की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

नपा चेयरमैन ने किया रैन बसेरे का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री ने बस स्टैंड के सामनें स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद व्यवस्थाओं और सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के समय साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, शौचालय व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की गई। चेयरमैन सुन्दर अत्री ने रेन बसेरे के प्रबंधक को निर्देश दिए कि रैन बसेरे में ठहरने वाले जरूरतमंदों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम को देखते हुए रैन बसेरे में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है। जरूरत पडने पर अतिरिक्त कंबल और अन्य सुविधाओं की भी जरूरत अनुसार व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका प्रशासन जरूरतमंदों की सुविधा के लिए पूरी तरह तैयार है और भविष्य में भी समय-समय पर ऐसे निरीक्षण किए जाते रहेंगे, ताकि व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जा सके।इस मौके पर पूर्व पार्षद गजेंद्र कौशिक, मनीष शंकर सहित रेन बसेरा प्रबन्धक प्रदीप दरोगा उपस्थित थे।

गोवर्धन यादव ने हैमर थ्रो में जीता स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

हरियाणा राज्य मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में मिलकपुर (जिला भिवानी) निवासी 89 वर्षीय गोवर्धन यादव ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए हैमर थ्रो स्पर्धा में 9.75 मीटर का थ्रो कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी यह उपलब्धि साबित करती है कि उम्र केवल एक संख्या है, जबकि हौसला, अनुशासन और फिटनेस से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित इस प्रतियोगिता में 30 वर्ष से लेकर 100 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

बवानीखेड़ा। हरियाणा राज्य मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विजेता।

वरिष्ठ खिलाड़ी की प्रेरक सफलता

इतने व्यापक आयु वर्ग के बीच गोवर्धन यादव का यह प्रदर्शन न केवल सराहनीय रहा, बल्कि युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बना। इस सफलता का श्रेय उनके पौत्र डॉ. सचिन यादव (फिजियोथेरेपिस्ट) को दिया जा रहा है, उन्होंने नियमित फिजियोथेरेपी, व्यायाम प्रशिक्षण, स्ट्रेंथ और बैलेंस ट्रेनिंग के माध्यम से उन्हें प्रतियोगिता के लिए तैयार किया। डॉ. सचिन यादव ने वैज्ञानिक और सुरक्षित तरीकों से उनका प्रशिक्षण कराया। गोवर्धन यादव ने अपनी जीत का श्रेय नियमित व्यायाम, सही मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग को दिया। वहीं डॉ. सचिन यादव का कहना है कि उम्र-अनुकूल फिजियोथेरेपी और सुरक्षित ट्रेनिंग से बुजुर्ग भी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।

बच्चों की रचनात्मकता व शिक्षकों की मेहनत का दिखा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

पीटीएम में उमड़ा अभिभावकों का विश्वास

बवानी खेडा के श्री लाल बहादुर शास्त्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, में पेरेंट-टीचर मीटिंग (अभिभावक-शिक्षक बैठक) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस बैठक में बडी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया और अपने बच्चों की शैक्षिक प्रगति, अनुशासन एवं सर्वांगीण विकास को लेकर शिक्षकों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। पीटीएम के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न विषयवार मॉडलों की आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई। विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, पर्यावरण एवं कला जैसे विषयों पर बनाए गए मॉडलों ने सभी अभिभावकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। विद्यार्थियों ने स्वयं अपने मॉडलों की जानकारी दी, जिससे उनकी रचनात्मक सोच, विषयगत समझ और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

हम विकास चाहते हैं पर अरावली की कीमत पर नहीं : कमल प्रधान

तोशाम। विश्व की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला अरावली पर्वतमाला को नष्ट होने से बचाने के लिए विभिन्न संगठन शनिवार को चौ. रघुबीर सिंह फॉर्म हाउस तोशाम में एकमत हुए। इस दौरान एकत्रित लोगों ने एक स्वर में कहा कि हम विकास अवश्य चाहते हैं लेकिन अरावली नष्ट नहीं होने देंगे। इस दौरान युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल प्रधान ने कहा कि आज गुरु गोबिंद सिंह जयंती पर सभी देशवासियों से यह आह्वान है कि इस अन्याय के विरुद्ध गुरु गोबिंद सिंह की तरह बहादुरी से लड़ें। क्योंकि यह जिम्मेदारी संपूर्ण भारत के हर नागरिक की है कि इस फैसले के खिलाफ आवाज़ बुलंद करे।

समारोह | कार्यक्रम में उपस्थितजनों को दिलवाई बेटी बचाओ, पक्षी बचाओं की शपथ

पक्षियों के अस्तित्व पर खतरे का सीधा मतलब मानव जीवन पर खतरा

बेटियां व चिड़ियां जिस आंगन में चहचाहती वह घर स्वर्ग: गर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हलवासिया विद्या विहार में जनमानस जागृति मंच के बैनर तले शनिवार को कैलेंडर-2025 विमोचन समारोह का आयोजन किया। समारोह में पक्षी बचाओ-प्रकृति बचाओ, बेटी बचाओ व बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया और उपस्थितजन को उनका अनुशरण करने का संकल्प दिलवाया। पक्षियों को समर्पित कैलेंडर का विमोचन खानपुर महिला मेडिकल कॉलेज की इएनटी एचओडी प्रोफेसर डॉ. उमा गर्ग, करनाल कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. महेंद्र गर्ग, जींद के एडीसी प्रदीप कौशिक, रोहतक पीजीआईएमएस के इएनटी के पूर्व एचओडी डॉ. एसपीएस यादव, हिसार गुरु जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी की एसएसबी डॉ. सुनीता रानी, हलवासिया स्कूल के प्रशासन शमशेर सिंह अहलावत, न्यू दिल्ली एमएएमसी ईएनटी के एचओडी एवं डायरेक्टर डॉ. ईश्वर सिंह, आईएमए की पूर्व अध्यक्षा डॉ. कमला भारद्वाज, रोहतक पीजीआईएमएस के न्यूरोसर्जरी के एचओडी डॉ. ईश्वर सिंह, गोहाना गजराज हॉस्पिटल से डॉ. गजराज कौशिक, दिल्ली रिन्यूएबल एनर्जी के डायरेक्टर पंकज बजाज व जनमानस जागृति मंच के अध्यक्ष एवं समारोह आयोजक डॉ. रूपेंद्र रंगा ने किया।

भिवानी। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

पक्षी संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान

समारोह में दिन प्रतिदिन पक्षियों की घटती संख्या पर गहरी चिंता व्यक्त की और पक्षियों को बचाने की मुहिम में सभी को बढ़चढ़ सहयोग करने के प्रयास बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पक्षियों के जीवन को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए कृत्रिम घोंसले और सकोरे वितरित किए। विधायक सर्राफ ने अपने संबोधन में कहा कि पक्षियों के अस्तित्व पर खतरे का सीधा मतलब मानव जीवन पर खतरा हैं, इसलिए सभी को मिलजुल कर पक्षियों के जीवन को और अधिक सुरक्षित बनाना चाहिए। अतिथियों ने समारोह आयोजक डॉ. रूपेंद्र रंगा की मुहिम 'सेव बर्डस-सेव नेचर' की जमकर तारीफ की। विधायक ने पक्षी फोटो गैलरी का भी अवलोकन किया और दुर्लभ पक्षियों के बारे में जानकारी ली।

राजी हैं हम उसी में जिसमें तेरी रजा

चरखी दादरी। दादी सती रानी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा की अमृत वर्षा करते हुए गोबिंद कृष्ण शास्त्री ने कहा कि परमात्मा के निकट आने की ललक है तो अहम का त्याग कर देना चाहिए। समर्पण भाव से ही उस तीन लोक के स्वामी को पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य भगवान की सबसे सुंदर कलाकृति है। एक मानव जन्म ऐसा है, जिस को पाने के लिए देवता भी तरसते रहते हैं। शास्त्री जी ने कहा कि भक्ति रस की प्राप्ति के लिए मनुष्य को आसन, श्वांस, संगति एवं इंद्रियों पर जीत हासिल करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भक्ति उपासना के भाव से आती है। उपासना का अर्थ है भगवान श्रीकृष्ण या किसी जागृत संत के समीप बैठना।

खबर संक्षेप

स्वर्णकार समाज का मिलन समारोह चार को

भिवानी। नववर्ष के उपलक्ष्य में स्वर्णकार समाज द्वारा स्वर्णकार मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसको भव्य बनाने के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। समारोह चार जनवरी को ढ़ाणा रोड स्थित महाराजा अजमीढ़ धर्मशाला में दोपहर 11 बजे होगा। श्रीमैढ क्षत्रिय स्वर्णकार समिति के प्रधान नरेंद्र छपारिया व महासचिव सुभाषचंद्र माहयच ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाना और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना है।

हरियाणवी सामाजिक फिल्म का बलियाली में शुभारंभ

बवानीखेड़ा। विजय नादान बलियाली की टीम द्वारा हरियाणवी सामाजिक फिल्म पावर ऑफ दा मुखिया का गांव बलियाली में शुभारंभ किया गया। फिल्म का उद्घाटन ग्राम सरपंच सचिन सरदाना ने किया। सरपंच सचिन सरदाना ने कहा कि फिल्म समाज में फैली कुरीतियों को उजागर करने का प्रयास है। फिल्म की कहानी गांव के एक युवक और युवती द्वारा किए गए लव मैरिज जैसे संवेदनशील विषय पर आधारित है, जिसे सामाजिक दृष्टिकोण से दर्शाया गया है।

सात दिवसीय एनएसएस शिविर का किया आरंभ

भिवानी। गांव खरककलां स्थित राजकीय कन्या वमा विद्यालय में प्राचार्या डॉ. रीमा परमार की अध्यक्षत में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ लक्ष्य गीत व मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित करके किया। शिविर के पहले दिन पर्यावरण बचाओ थीम पर आधारित प्रोमिला एंड टीम ने भाषण, गीत, कविता, एकल नृत्य व अभिनय शैली ने विभिन्न गतिविधियां प्रस्तुत की। एनएसएस प्रभारी रोजी मनचंदा ने उपस्थित स्वयं सेविकाओं को एनएसएस के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के माध्यम से विद्यार्थी जिम्मेदार नागरिक बनकर सामुदायिक चुनौतियों का सामना करना सीखते हैं।

मॉडल स्कूल में लगेगा नि:शुल्क रक्तदान शिविर

बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार 29 दिसंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। आयोजन विद्यालय के मेन हॉल में आयोजित होगा जिसके लिए एनएसएस अधिकारी नवीन कौशिक द्वारा पूरी व्यवस्था को अमलीजामा पहनाया गया है।

गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर कीर्तन आयोजित

बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा के ग्रास रूट्स पब्लिक स्कूल में गुरू गोबिंद सिंह की जयंति पर नगर कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय विद्यार्थियों व स्टाफ ने अपनी अहम भूमिका निभाई। विद्यालय निदेशक वीना भ्याणा ने गुरूओं के बारे में बताया कि उन्होंने किस प्रकार से अपने धर्म को बचाए रखने के लिए अपने प्राणों की आहूति दे दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि अपने धर्म के लिए सब कुछ न्यौछावर करना उनके गुरूओं ने सिखाया है इसलिए हमें उनके पदचिन्हों पर चलना चाहिए।

घुसकानी स्कूल में परीक्षा पर की चर्चा, मनाया बेटियों का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शनिवार को गांव घुसकानी स्थित शहीद कैप्टेन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन के ओएसडी समरवीर(मोनू) ने बोर्ड परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों के साथ चर्चा की। बच्चों ने परीक्षा से संबंधित अनेक तरह की शंकाऐ उनके समक्ष रखी। जिनका ओएसडी मोनू ने बड़ी सहजता व सरलता से बच्चों को जवाब दिए।

इस दौरान सरमवीर ने बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर बच्चों के मन में शंका व भय को दूर किया और कहा कि बिना किसी झिझक व आत्मविश्वास के साथ तथा नकल रहित परीक्षाएं दे। पूरे साल की गई पढाई के ज्ञान का स्तर जांचने के लिए परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है। कभी भी परीक्षाओं का दिमाग पर बोझ न समझे। इस दौरान चेयरमैन के ओएसडी समरवीर ने छात्राओं का जन्मदिन मनाया और केक कटवाया। यहां यह बताते चले कि उक्त स्कूल में पिछले कई वर्षो से बेटियों का जन्मदिन मनाया जा रहा है। जो कि समाज के लिए एक अच्छी परम्परा है। इस अवसर पर योगेश ढिकाव,लक्ष्मी देवी गणित अध्यापिका, गुड्डी देवी, अनिल हिंदी अध्यापक, नवीन ढांडा, बिमला, सुदेश, सुमन आदि मौजूद थी। उक्त कार्यक्रम का आयोजन बदलाव की पाठशाला के तत्वावधान में किया गया।

शारीरिक शिक्षक पींकू ने खिलाड़ियों को बोर्ड परीक्षा में अतिरिक्त अंक देने की मांग की

ओएमआर सीट पर अभ्यास की सराहना की

इस दौरान शारीरिक शिक्षक विनोद पींकू द्वारा चलाए जा रहे ओएमआर सीट पर बच्चों को रोलनम्बर भरने तथा गोला बनाए जाने के कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम चलाने से बच्चों को परीक्षाओं में ओएमआर सीट में गोले बनाने में कोई परेशानी व गलती नहीं कर पाएगा। क्योंकि उनको ओएमआर सीट में गोले भरने का पहले ही अभ्यास हो जाता है। बच्चों के सुलेख व लिखाई सुधारने के अभियान की भी प्रशंसा की गई। चूंकि पिछले कई वर्षो से शारीरिक शिक्षक पींकू बच्चों की लिखाई सुधरवाने के लिए सुलेख आदि भी लिखवाते है।

भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में बच्चों द्वारा भरी गई ओएमआर सीट को देखते हुए।

खिलाड़ियों को अतिरिक्त अंक देने की मांग रखी

इस दौरान स्कूल मुखिया कृष्ण कुमार व शारीरिक शिक्षक पींकू ने संयुक्त रूप से ओसएडी के समक्ष खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अतिरिक्त अंक देने की मांग रखी। उनका कहना था कि अगर बच्चों को बोर्ड की परीक्षाओं में अतिरिक्त अंक दिए जाए तो बच्चों का खेलों की तरफ भी रूझान बना रहता है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र व केरल में इसी तरह से बच्चों को अतिरिक्त अंक दिए जाते है। कई अन्य प्रदेशों में भी इसी तरह से बच्चों को अंक दिए जाते है। इनके अलावा शारीरिक शिक्षक विनोद पींकू ने बच्चों को शिक्षा बोर्ड का भ्रमण कराए जाने, ओएमआर सीट में गोले पूरे भरने आदि की जानकारी दिलाए जाने की मांग की। जिस पर उन्होंने अगले सप्ताह शिक्षा बोर्ड का भ्रमण करवाए जाने का भरोसा दिलाया।

शहर में खुले नालों की जगह पाइप लाइन डालनी शुरू की

दस किलोमीटर लंबी डाली जाएगी सीमेंट की 24 इंची पाइप लाइन: भवानी प्रताप

शनिवार को रोहतक गेट से नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने पाइप लाइन डाले जाने के कार्य का श्रीगणेश करवाया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहर के लोगों के लिए राहत भरी खबर। अब बारिश के दिनों में नालों के ओवर होने या शिल्ट से अटने की समस्या से दो चार नहीं होना पड़ेगा। नगरपरिषद ने अपने सभी खुले नालों की जगह सीमेंट के पाइप लाइन डलवाने जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को रोहतक गेट से नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने पाइप लाइन डाले जाने के कार्य का श्रीगणेश करवाया।

उन्होंने बताया कि नगरपरिषद के करीब दस किलोमीटर लंबे खुले नालों की जगह अब 24 इंची पाइप लाइन डाली जाएगी। ताकि बारिश के दिनों में शहर का पानी आसानी से निकाला जा सके। यहां यह बताते चले कि शहर में नगरपरिषद ने बारिश के पानी की निकासी के लिए करीब दस किलोमीटर के दायरे में नाले बनाए हुए है। खुले नालों में लोग अक्सर कचरा या अपने आप उड़कर रेत आदि चला जाता है।

जिस वजह से इनमें शिल्ट जम जाती है। बारिश का सीजन शुरू होने तक इनमें उपर तक शिल्ट जमा हो जाती है। अगर इस दौरान इनकी सफाइ न करवाई जाए तो बारिश के सीजन में पानी आगे बहने की बजाए शहर की सड़कों पर ही जमा हो जाता है। जिससे शहर बारिश के पानी से जाम होता है। अब पाइप लाइन डाली जाने के बाद इनमें न तो लोग कचरा डाल पाएंगे और न ही रेत मिट्टी जाएगी। जिसके चलते पाइप लाइन से पानी आसानी से निकल जाएगा।

भिवानी। नप द्वारा डलवाई गई पाइप लाइन का दृश्य और लाइन डालने के लिए निकाली गई मिट्टी।

ढाई करोड़ रुपये की लागत से डाली जाएगी दस किलोमीटर लंबी लाइन

नगरपरिषद द्वारा करीब ढाई करोड़ की लागत से शहर में दस किलोमीटर लंबी लाइन डाली जाएगी। फिलहाल यह लाइन करीब 24 इंच मोटी सीमेंट की पाइप लाइन है। जिससे शहर में जमा बारिश के पानी को आसानी से निकाला जा सकेगा। सही ढंग से पानी की निकासी के लिए करीब 60से 70 फुट की जगह पर मेनहोल बनाए जाएंगे, साथ ही वहां पर लौहे की जाली भी लगाई जा रही है। ताकि बारिश का पानी आराम से मेनहोल के जरिए पाइपों तक पहुंच जाए। फिलहाल फैंसी चौक से लेकर लिबर्टी सीनेमा हॉल, कृष्णा कॉलोनी तथा जहां जहां पर नप के खुले नाले है। वहां पर पाइप लाइन डाली जाएगी।

क्या कहते हैं नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि

नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि शहर में नप के जितने भी खुले नाले है। उन सभी पाइप लाइन डाली जाएगी। ताकि पानी की निकासी सही ढंग से हो सके। उक्त पाइप लाइन डालने पर करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत आएगी। इन पाइपों के लाइनों के डाले जाने के बाद नाले अटने की समस्या नहीं रहेगी। साथ ही नालों की जगह पर अतिक्रमण नहीं हो सकेगा। रास्ते पूरे चौड़े बने रहेंगे।

बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा विश्राम गृह में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विधायक व अन्य पदाधिकारीगण।

विकासशील प्रदेश बनाना ही भाजपा का लक्ष्य: कपूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेडा स्थित रेस्ट हाउस में शनिवार को सुशासन दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने भारी संख्या में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जनसमूह को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार हमेशा से मजदूरों और किसानों के हितों के लिए समर्पित रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रदेश को भयमुक्त, सुरक्षित और विकासशील बनाना ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में निरंतर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। विधायक वाल्मीकि ने अटल जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के सुशासन, राष्ट्र सेवा और जनकल्याण के आदर्श हमारे लिए प्रेरणापुंज हैं। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है।

1.82 करोड़ रुपये की ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

चरखी दादरी। दादरी पुलिस ने गांव खेड़ी बूरा निवासी लैक्चरर से फर्जी ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म पर इन्वेस्मेंट करवाकर 1.82 करोड़ लाख रुपये की ठगी करने के दो आरोपी गिरफ्तार को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि विरेन्द्र सिंह निवासी खेडी बुरा ने पुलिस को शिकायत दी कि वह लोहारु गवर्मेन्ट पोलटैक्निक कालेज में सीनियर लैक्चर के पद पर तैनात है। सितम्बर माह मे उसके पास एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप पर मैसेज आए और उसे आनलाइन बिजनेस करने के बारे में बताया गया। उस नंबर से वाट्सएप पर लिंक आया। वाटसअप नम्बर धारक से बात करने पर उसने बताया कि उनका ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म है, जिसका उपयोग ऑनलाइन खरीद-ब्रिकी के लिए किया जाता है और इस वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करने के बाद व्यक्ति इस प्लेटफॉर्म पर अपनी खुद की दुकान का मालिक बन सकता है तथा अपने स्टोर से प्रोडक्ट बेचकर मुनाफा कमा सकता है। इसके बाद वह ऑर्डर की ऑनलाइन खरीद व ब्रिकी करने लगा। इसके बाद ऑर्डर्स की संख्या बढ़ती गई और बड़े-बड़े ऑर्डर आने लगे । ऑर्डर की बिक्री होने के बाद उस पर दिखाया गया मुनाफा उसके स्टोर अकाउंट में जमा होने लगा।एक अक्टूबर को यूपीआई के माध्यम से उसने 8626 रुपये भेजे। उसके बाद उसने अलग-अलग वार को 21.62 लाख रुपये अलग-अलग खातों से भेज दिए।

लावारिश गोवंश किसानों की सबसे बड़ी आफत

- बढती ठंड के बीच किसानों की पहरेदादरी में कट रही हैं रातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

इन दिनों जहां समूचा उत्तर भारत में बढ़ती शीत लहर की चपेट में आता जा रहा है वहीं किसानों की ये सर्द रातें लावारिश गोवंश की पहरेदारी में ही कट रही हैं। लावारिश पशुओं की दिन-प्रतिदिन बढ़ती संख्या किसानों के लिए बड़ी आफत बन चुकी है। इन पशुओं के झुंड जिधर से भी गुजरते हैं वहां खड़ी फसल को मिनटों में चौपट कर डालते हैं।

इन पशुओं में सर्वाधिक संख्या विदेशी नस्ल की गाय व बछड़ों की है और इनको अपने क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में धकेलने को लेकर किसानों के बीच आए दिन झगड़े भी होते रहते हैं। हालत ऐसी है कि किसान दिन खेतों में पहरा देते हैं और जरा सी लापरवाही होते ही ये पशु पूरी फसल का काम तमाम कर डालते हैं। यहां यह गौरतलब होगा कि बाढड़ा क्षेत्र में नीलगाय पहले से ही किसानों के लिए बड़ी चुनौती रही हैं और अब लावारिश गायों की बढ़ती संख्या ने तो किसानों का सुख-चैन छीन लिया है।

किसान दलबीर,अशोक, लीलाराम,अनिल, सुरेश, प्रविंद्र आदि ने बताया कि हर गांव में दर्जनों की सं2या में विदेशी नस्ल के गाय-बछड़े घूम रहे हैं जो कि मौका मिलते ही फसलों को अपना ग्रास बना लेते हैं। इनमें से बहुत से पशु हिंसक भी हो चुके हैं तथा पालतु पशुओं व किसानों को ज मी कर डालते हैं। किसान इन पशुओं को दूसरे क्षेत्रों में धकेलने का प्रयास करते हैं तो कई बार किसानों के बीच टकराव की नौबत पैदा हो जाती है। इन दिनों बाढड़ा क्षेत्र के बड़े-बड़े गांवों व आस-पास के इलाके में इन दिनों आवारा पशुओं ने तांडव मचा रखा है।

मिनटों में चट कर जाती है खड़ी फसल को

गेहूं, सरसों की बिजाई की गई है जो अब बहुत स्थिति में खड़ी है लेकिन लावारिश पशुओं की टोलियां चंद मिनटों में ही पूरे खेत में खड़ी फसल को खाकर व उसे रौंद कर बर्बाद कर जाते हैं। लावारिश पशुओं की बढ़ती संख्या उनके लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है। इन पशुओं की व्यवस्था को लेकर उन्होंने जिला प्रशासन से बाढड़ा क्षेत्र के लावारिश पशुओं की व्यवस्था करने की मांग की।

सीवरेज के मेनहोल निर्माण में बरती जा रही अनियमितताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

कस्बे में चल रहे सीवरेज सिस्टम के काम में बहल भिवानी मैन रोड पर जो लाइन डालने का काम किया जा रहा है उसमें भारी अनियमितताएं सामने आ रही है। कहीं ईंटे निम्नस्तर की लगाई जा रही है तो कही पर चैंबर सही नहीं बनाए जा रहे हैं।

इस बारे में जब लोग आवाज उठाते है तो वहां लीपापोती कर दी जाती है। कुछ समय पहले मैन रोड पर मंगल मार्केट के सामने घटिया क्वालिटी को ईंटे डाली गई थी जो लोगों के विरोध के बाद उनको बदला गया था। अब, पुराने आरडीएनएल स्कूल के सामने जो चैंबर बनाया गया उसमें लेंटर सही तरीके से नहीं डाला गया है। लेंटर की छत में जगह जगह सीमेंट की कमी छोड़ दी गई है जो भविष्य में परेशानी का कारण बन सकता है। लोगों का कहना है कि अगर कोई भारी वाहन इस चैंबर पर से गुजरेगा तो यह निश्चित रूप से उसका भार नहीं सह पाएगा और दरक जाएगा जो किसी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन जाएगा। लोगों ने कहा कि सीवरेज के काम में जगह जगह कमियां रखी जा रही है जो भविष्य में बड़ी परेशानी की वजह बन सकता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सीवरेज के कार्य के सही क्रियान्वयन के लिए किसी उच्चाधिकारी की देखरेख में करवाए ताकि काम पारदर्शिता के साथ पूरा हो।

बहल। कस्बे में चल रहे सीवरेज के काम में बनाया गया चैंबर जिसका लेंटर सही नहीं डाला गया है।

एक साइड का काम पूरा कर दूसरी साइड का शुरू करें

लोगों ने प्रशाशन से मांग की है कि सीवरेज के काम पूरे कस्बे में एक साथ शुरू ना किया जाए। किसी भी एक साइड का शुरू करने के बाद पहले उसे पूरा करे और फिर अगली साइड का काम शुरू करें। ऐसा करने से लोग अनावश्यक परेशानी से बच सकेंगे। लोगों ने यह भी मांग की है कि जिस भी क्षेत्र में काम शुरू किया जाए तो वहां कम से कम एक सप्ताह पहले वहां के लोगों को सूचित किया जाना चाहिए।

भिवानी। गोलागढ़ स्कूल की छात्रा संजू को सम्मानित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

गोलगढ़ सरकारी स्कूल की संजू को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

भिवानी। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में हुए साहिबजादा जोरा सिंह व फतेह सिंह के सर्वोच्च बलिदान को समर्पित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने जिले के कैरू खंड के गोलागढ़ सरकारी स्कूल की बारहवीं कक्षा की छात्रा संजू को सम्मानित किया। प्रवक्ता मुकेश शास्त्री ने बताया कि बाल वीर दिवस पर निबंध प्रतियोगिताओं का 18 दिसम्बर को जिलास्तर पर संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी व पंजाबी भाषाओं में आयोजन किया था, जिसमें निबन्ध प्रतियोगिताओं में संस्कृत भाषा में छात्रा संजू पुत्री प्रदीप ने प्रथम, नैना पुत्री सैशन प्रकाश सरकारी स्कूल बीरण ने द्वितीय, रचना पुत्री नरेश सरकारी स्कूल ढाबढाणी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया था।

जूनियर नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए हरियाणा टीम का चयन

250 खिलाड़ियों में से चुने गए 30 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा के हैंडबॉल कोर्ट पर एक बार फिर प्रतिभाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। दिल्ली में होने वाली 47वीं एचएफआई जूनियर बॉयज नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए हरियाणा की टीम के चयन के लिए गांव सरल स्थित एमडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में चयन ट्रायल हुआ। कोच विवेक खरकिया ने बताया कि ट्रायल में पूरे प्रदेश से लगभग 250 उभरते हैंडबॉल खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। मैदान पर खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसके बाद चयनकर्ताओं ने उनकी तकनीक, फिटनेस व खेल कौशल आधार पर 30 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन प्रशिक्षण कैंप के लिए किया है। उन्होंने बताया कि चयनित 30 खिलाड़ियों के लिए एमडी स्कूल सरल में ही विशेष प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा।

भिवानी। जूनियर नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप की ट्रायल में भाग लेते खिलाड़ी।

हरियाणा की हैंडबॉल टीम का चयन

कैंप के दौरान खिलाडियों के तालमेल और रणनीतिक कौशल को निखारा जाएगा। इसी कैंप के अंतिम प्रदर्शन के आधार पर दिल्ली जाने वाली मुख्य टीम का ऐलान होगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा चयनित टीम 10 से 14 जनवरी तक दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी। हरियाणा की टीम इस बार भी स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार बनकर उभरेगी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी आयु में धांधली न कर सके, इसलिये सभी के जन्म प्रमाण पत्र की जांच संबंधित जिले के सरकारी अस्पताल से करवाई जायेगी। जन्म प्रमाण पत्र का पंजीकरण जन्म के पांच साल के अन्तर्गत होना अनिवार्य है। खरकिया ने बताया कि उनका लक्ष्य एक ऐसी टीम चुनना है जो न केवल शारीरिक रूप से मजबूत हो, बल्कि मानसिक रूप से भी नेशनल लेवल के दबाव को झेल सके। हरियाणा हमेशा से हैंडबॉल की नर्सरी रहा है, और इस बार भी हम दिल्ली से ट्राफी लाने के संकल्प के साथ उतरेंगे।

नवारंभ का संदेश लेकर नववर्ष द्वार पर खड़ा है। उसका स्वागत हम पूरे उत्साह-उमंग के साथ अवश्य करें। साथ ही आगामी नववर्ष में न केवल अपने जीवन को, अपने से जुड़े लोगों, समाज और पर्यावरण को बेहतर बनाने का संकल्प भी जरूर लें। न केवल संकल्प लें, उसे क्रियान्वित करने के लिए भी समग्र ऊर्जा से सक्रिय रहें। तभी आगामी वर्ष में चहुंओर नवचेतना का संचार होगा।

आवरण कथा
कुमार राधारमण

नववर्ष में हम करें नवचेतना का संचार



वर्तमान साल बीत रहा है। नए साल ने दस्तक दे दी है। नया साल सिर्फ कैलेंडर का बदल जाना नहीं होता है। यह बीत रहे साल की समीक्षा का अवसर भी है। हम सबकी कुछ अच्छी और कुछ कड़वी यादें इससे जुड़ी होंगी। नया साल विगत की अनुकूल स्मृतियों को सहेजने, उसे नए साल में नई ऊंचाइयां देने का अवसर है। यह प्रतिकूलताओं से सबक लेने का मौका है। जीवन की हर घटना सीखने का अवसर भी होती है। हम सब कई बार चूकते हैं। हमारी चूक निराशा का कारण न बने, हम अपनी गलतियों से सीखें। इसी में वर्तमान का उल्लास भी है और भविष्य का सुनहरा स्वप्न भी।

बनाए रखेंगे सकारात्मक दृष्टिकोण: नया साल, नए उत्साह, नई संभावनाओं, नए सपनों और नए संकल्पों को नए पंख देने का अवसर है। जीवन में हमेशा एक नई शुरुआत संभव है। बीत रहा साल चाहे जैसा रहा हो, नए साल में हम अपनी कहानी फिर से लिख सकते हैं। हर नए दिन का उपयोग हम अपने लक्ष्य के करीब जाने के लिए कर सकते हैं। यह सकारात्मक सोच से ही संभव होगा, क्योंकि चुनौतियों को अवसर में बदलने की क्षमता तभी विकसित होती है। हर समस्या, अपना समाधान भी लिए होती है। इसलिए,

बीता साल जैसा भी रहा, उसे धन्यवाद दें कि हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण प्रसंग उपस्थित हुआ। धन्यवाद इसलिए कि बीते साल की सफलताओं ने हमको आत्मविश्वास दिया, खुशियां दीं और असफलताओं ने हमको मजबूत, संवेदनशील और समझदार बनाया।

प्रकृति नित नूतन है। यह नूतनता पुराने के प्रति आग्रह छोड़ने का निमंत्रण है। विगत चाहे स्वर्णकाल रहा हो, हमारी आज की चुनौतियां नई हैं और हमें आज की परिस्थितियों में निखरने के लिए हमेशा अपने मन के द्वार नए के लिए खुले रखने होंगे। विकास की यही परिभाषा है। सिर्फ व्यापार को ही नहीं, मन को भी मुक्त करने की जरूरत है। सभी समस्याओं की जड़ भूत और भविष्य से बंधा हमारा मन ही है, जबकि चुनौतियां वर्तमान की हैं। मुक्त मन समावेशी तो होता ही है, दूसरों की मुक्ति के द्वार भी खोलता है।

सीखेंगे नित नए कौशल: तेजी से बदलती इस दुनिया में निरंतर सीखना और अपना कौशल विकास करते रहना जरूरी है। व्यस्तता हमें अनचाहे ही अकसर अपने प्रियजनों से दूर कर देती है। वास्तविक दुनिया के लोगों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना भी हमारा संकल्प हो। इससे क्षमाभाव मजबूत होगा, पुरानी कड़वाहट दूर होगी, संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी, मन हल्का और खुश रहेगा। अपने लिए यथार्थवादी लक्ष्य निर्धारित करें। बड़े सपने देखें, बशर्ते उसे कार्यरूप देने का सामर्थ्य भी हम में हो।

तन-मन का रखेंगे ध्यान: स्वास्थ्य से बढ़कर कुछ भी नहीं। संतुलित आहार और पर्याप्त नींद भी हमारे संकल्प का हिस्सा हो। मौजूदा उन्मादी दौर में मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी जरूरी है। तनाव प्रबंधन सीखना और सकारात्मक मानसिकता विकसित करना आधुनिक जीवन की आवश्यकता है। हर हाल में अच्छाई खोजना और आशावादी रहना जीवन को रूपांतरित कर देता है। हम सक्षम हैं और सफल होने के योग्य हैं, यह विश्वास सदा बना रहे। विंस्टन चर्चिल का प्रसिद्ध कथन है कि न तो सफलता अंतिम होती है, न असफलता घातक होती है, असली बात यह है कि आपमें जारी रखने का साहस है या नहीं।

धनार्जन भी है जरूरी: धन भी महत्वपूर्ण है। गरीब रखने वाली विचारधारा से दूर रहें। वित्तीय लक्ष्य तय करें। बचत और निवेश बुद्धिमत्तापूर्वक करें। अनावश्यक खर्चे कम करना भी धन अर्जित करना ही है। लेकिन भविष्य की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयास वर्तमान को जाया न कर दें। भविष्य

अनिश्चितताओं से भरा है। अगली पीढ़ी के लिए सब सोचना आपका ही दायित्व नहीं है, अगली पीढ़ी खुद भी अपने लिए करेगी ही। आप अपने वर्तमान को स्वर्णिम बनाएं। जब आप खूब धन कमा लेंगे, एक दिन वही धन ऊब पैदा करने लगेगा। भौतिक धन परमधन को पाने का साधन मात्र रहे। पावर ऑफ मेनिफेस्टेशन का उपयोग केवल धन को आकर्षित करने के लिए न करें। हमारे पास जो कुछ भी है, उसके प्रति कृतज्ञता से जीवन में अच्छाई को आकर्षित करना भी सीखें।

रहेंगे खुद के करीब: समय धन से भी अधिक कीमती है। इसका सदुपयोग करें। आलस्य छोड़ें, तभी हम अधिक उत्पादक और सफल बन पाएंगे। आलस्य छोड़ने का मतलब हर समय व्यस्त रहना नहीं है। आराम और मनोरंजन भी महत्वपूर्ण हैं। संतुलन चाहिए। आत्म-प्रेम समग्र विकास के लिए जरूरी है। अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए समय निकालना हमारे जीवन को समृद्ध बनाता है। लिहाजा, रोजमर्रा के जीवन में कुछ पल ऐसे जरूर हों, जो नितांत निजी हों, जिसमें मोबाइल की भी दखल न हो। अपने लिए समय निकालना जरूरी है। लेकिन यह औरों के बनाए रील्स देखने के लिए न हो। यह समय अपनी पसंद के काम करने, किताबें पढ़ने, संगीत सुनने, ध्यान करने या प्रकृति से जुड़ने का हो जो हमको तरोताजा कर दे।

समाज-पर्यावरण का रखेंगे ध्यान: सभ्य नागरिक अपने समाज और पर्यावरण के प्रति भी जिम्मेदार होता है। हमारी पृथ्वी रहने लायक बनी रहे, आने वाली पीढ़ियों के लिए हम आदर्श बनें, नया साल इस संकल्प से भरने का समय भी है। जरूरतमंदों की मदद और सामाजिक कार्यों में भागीदारी आंतरिक संतुष्टि देती है। अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलें और नई चीजें आजमाने का साहस रखें। जीवन एक साहसिक यात्रा है और नए अनुभव हमें जीवंत और उत्साहित रखते हैं। सच्ची खुशी और संतुष्टि अनुभव, रिश्ते और भीतरी शांति ही देती है।

शांति के लिए करेंगे प्रयास: इस समय दुनिया भर में राजनीतिक और आर्थिक कारणों से अस्थिरता, अनिश्चितता का माहौल है। भय और चिंता के इस परिदृश्य में, अंतर्मंथन की जितनी जरूरत आज है, पिछले कुछ दशकों में शायद ही रही हो। युद्धों की आहट अनेक आशंकाएं पैदा कर रही हैं। हमारी वास्तविक जरूरत शांति है। शांत मन ही गहरी से गहरी समस्या का सम्यक समाधान तलाश सकता है और एक बेहतर जीवन की ठोस आधारशिला तैयार कर सकता है। विश्व शांति किसी धर्म या हथियार से नहीं, बल्कि जागरूकता से, हृदय से आ सकती है और उसका मार्ग ध्यान है। इसी से मनुष्य, मनुष्य से जुड़ा महसूस करेगा। प्रतिकूल समय में ही ज्ञान, धर्म, साहस और ऊर्जा की परीक्षा होती है। असली ज्ञान, ऊर्जा, धर्म और पराक्रम यह है कि हम जहां भी हों, वहां के आस-पास की प्रकृति कोमल हो जाए। हम जिनके बीच रहें, उनकी भलाई स्वतः प्रकट होने लगे। हमारे भीतर इतनी गहरी शांति उतर आए कि सबके प्रति एक स्वीकार भाव हो। हम इसके लिए अपने स्तर पर अवश्य प्रयास करेंगे, ऐसा संकल्प जरूर लें। तब निश्चय ही आगामी वर्ष खुशहाली से भरपूर होगा। *

विशेष : वैश्विक परिवार दिवस, 1 जनवरी

वर्ष का पहला दिन यानी 1 जनवरी को पूरी दुनिया में ग्लोबल फैमिली-डे मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य परिवार की महत्ता को समझना और पारिवारिक प्रेम-सौहार्द की भावना को व्यक्तिगत जीवन से लेकर समाज, देश ही नहीं पूरे विश्व में प्रसारित करना है।

व्यक्तिगत से वैश्विक कुटुंब तक बना रहे प्रेम-सौहार्द-शांति

आह्वान / शिखर चंद जैन

हर वर्ष 1 जनवरी को ग्लोबल फैमिली-डे यानी वैश्विक परिवार दिवस मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर के लोगों को एक बड़े वैश्विक परिवार के रूप में जोड़ने के साथ ही उनमें शांति, एकता, प्रेम और सौहार्द के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है।

भारत की प्राचीन अवधारणा: हमारे देश में तो प्राचीन काल से ही 'वसुधैव कुटुंबकम' की अवधारणा को महत्व दिया जाता रहा है। लेकिन आधुनिक विश्व में ग्लोबल फैमिली-डे मनाने की शुरुआत, संयुक्त राष्ट्र के 'शांति के एक दिन' की विचारधारा से हुई थी। इसे देश, धर्म या नस्ल की सीमाओं से परे सभी लोगों द्वारा मिलकर मनाया जाता है। इस प्रकार यह दिन प्रेम और सद्भाव फैलाने पर जोर देता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हम सब एक वैश्विक गांव के ही सदस्य हैं और हमें सभी मतभेदों को भुलाकर एक परिवार की तरह रहना चाहिए। इसके तहत सभी को प्रेम, शांति और सौहार्द के साथ रहना सिखाया जाता है। दुनिया में शांति और सद्भाव को बढ़ावा देना और युद्ध-हिंसा से बचाना इसका मूल उद्देश्य है।

कब-कैसे हुई शुरुआत: वैश्विक परिवार दिवस मनाने का विचार पिछली सदी में एक किताब से आया था। इसकी शुरुआत 1990 के दशक के अंत में हुई, जब 1997 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2000 को 'शांति की संस्कृति के लिए अंतरराष्ट्रीय दशक और विश्व के बच्चों के लिए अहिंसा' के रूप में घोषित किया। इस अवधारणा को स्टीव डायमंड और एलन सिल्वरस्टीन द्वारा लिखित बच्चों की एक किताब 'वन डे इन पीस, जनवरी 01, 2000' से प्रेरणा मिली। इस कहानी में एक ऐसी दुनिया की कल्पना की गई थी, जहां लोग 1 जनवरी को अपने सभी मतभेदों को एक तरफ रख देते हैं और भाईचारे की भावना का जश्न मनाते हैं। इसने 'शांति का एक दिन' समारोह की शुरुआत की। 1999 में, संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों को शांति लाने के लिए वर्ष का पहला दिन समर्पित करने का औपचारिक निमंत्रण मिला। 2001 में, संयुक्त राष्ट्र ने आधिकारिक तौर पर इस दिन को मान्यता दी, और तब से हर साल 1 जनवरी को यह दिवस मनाया जाता है।

मनाती है पूरी दुनिया: वैश्विक परिवार दिवस का उत्सव भौगोलिक सीमाओं से बंधा नहीं है, बल्कि यह एक वैचारिक उत्सव है। इसे किसी एक देश का पर्व मानने के बजाय, मानवता के प्रति एक वैश्विक दृष्टिकोण के रूप में मनाया जाता है। वैश्विक परिवार दिवस सरल, सार्थक कार्यों के बारे में ध्यान आकर्षित करता है, जो घर परिवार से लेकर वैश्विक एकता की भावना को दर्शाता है।

परिवार के संग मनाएं यह दिन: यह दिन संघर्षों को भूलकर, एक-दूसरे के प्रति आभार व्यक्त करने और प्रेम फैलाने पर जोर देता है। इस पूरे दिन आप अपने परिवार के साथ समय बिता सकते हैं। इसके लिए परिवार के सदस्य एक साथ भोजन कर सकते हैं, कोई सामूहिक खेल, खेल सकते हैं या एक-दूसरे से बात करते हुए अच्छा समय गुजार सकते हैं। आप चाहें तो इस दिन को सामुदायिक सेवा के लिए स्वयंसेवा करके या वैश्विक स्तर पर शांति के लिए काम करने वाली संस्थाओं के लिए श्रमदान करके भी मना सकते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने ग्लोबल मित्रों की विभिन्न संस्कृतियों, उनकी परंपराओं, व्यंजनों या कहानियों को साझा करके वैश्विक विविधता की भावना को मजबूत किया जा सकता है।

अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस से अलग: हालांकि इस दिन को मनाने की शुरुआत मुख्य रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में हुई, लेकिन इसे अब दुनिया भर के लगभग हर देश के परिवारों द्वारा मनाया जाता है, जिसमें हर देश और संस्कृति के लोग शामिल होते हैं। इससे मिलता-जुलता एक और महत्वपूर्ण दिवस अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस (इंटरनेशनल डे ऑफ फैमिलीज) भी है, जो हर साल 15 मई को मनाया जाता है, इसे भी संयुक्त राष्ट्र ने ही घोषित किया था और यह भी परिवार के महत्व पर केंद्रित है। *

कविता
राजेंद्र श्रीवास्तव

एक वर्ष फिर बीत गया

बीते वर्षों जैसा ही कुछ, एक वर्ष फिर बीत गया।
कभी हृदय खिल उठा पुष्प-सा,
और कभी गुपचुप रोया।
कभी सफलता स्वयं आ गई,
कभी स्वर्ण-अवसर खोया।
आता-जाता रहा वक्त भी
अपने ही रथ पर चढ़कर,
कालचक्र की उथल-पुथल में यह जीवनघट रीत गया।
हर्ष, शोक, संघर्ष, समन्वय,
सुख-दुख, धूप-छांव जैसे।
कुछ दिन बीते खुशहाली में,
बीते कुछ जैसे-तैसे।
दांव-पेंच षड्यंत्रों का भी
खेल सीखने विवश हुआ,
जीता कभी किसी से मैं या, कोई मुझसे जीत गया।
जब-जब स्वर गीतों-गजलों के
मेरे होंठों पर आए।
लय तब कहीं अधूरी पाई
वाद्ययंत्र बिगड़े पाए।
हारा नहीं आत्मबल लेकिन
कोई जतन सफल होगा,
बिगड़े साजों से रच दूंगा, मैं कोई संगीत नया।

व्यंग्य / अंशुमाली रस्तोगी

ठंड में चोरी करना आसान काम नहीं। जब लोग अपनी-अपनी रजाइयों में छिपे-दुबके बैठे होते हैं, तब चोर उनके घरों में चोरी करने उतरते हैं। एक तरफ ठंड का सितम, दूसरी तरफ पकड़े जाने का डर। फिर भी, वे अपने कर्म पथ पर डटे रहते हैं।

ठंड और चोर

इन दिनों ठंड आतंक मचाए हुए है। रजाई से बाहर निकलने का मन नहीं करता। न नहाने का दिल करता है। जी करता है, पूरे टाइम रजाई में सिकुड़े पड़े रहो। लेकिन मैं दाद देता हूं उन चोरों को, जो भीषण ठंड में भी चोरी कर रहे हैं। ठंड में चोरी करना आसान काम नहीं। जब लोग अपनी-अपनी रजाइयों में छिपे-दुबके बैठे होते हैं, तब चोर उनके घरों में चोरी करने उतरते हैं। एक तरफ ठंड का सितम, दूसरी तरफ पकड़े जाने का डर। फिर भी, वे अपने कर्म पथ पर डटे रहते हैं। पापी पेट क्या-क्या नहीं करवा लेता। आज के जमाने में चोरी करना पाप कैसे कहा जा सकता है!

बदलते समय के साथ चोरी के तरीके भी काफी बदल गए हैं। कुछ चोरियां अब ऐसी भी हैं, जिनके लिए घर से बाहर निकलना ही नहीं पड़ता। वे घर बैठे-बैठे ही हो जाती हैं। ऑनलाइन ठगी (चोरी) में कहीं जाने की जरूरत नहीं। कहीं से भी बैठकर किसी के भी बैंक खाते से रुपए उड़ाए जा सकते हैं। ये चोर बेहद शातिर होते हैं। बातें बनाकर फंसाने में माहिर होते हैं। इधर सावधानी घटी, उधर काम तमाम हुआ। लेकिन ऑनलाइन चोर पारंपरिक चोरों की तरह मेहनती नहीं होते। माना कि ऑनलाइन चोरी में मुनाफा अधिक है किंतु जमीनी अनुभव न के बराबर है। ऐसी चोरी भला किस काम की, जिसमें हाथ-पैर न हिलाने पड़ें।

अब तो पारंपरिक चोरों ने भी ऑनलाइन चोरी का रास्ता पकड़ लिया है। वे भी अधिक मेहनत करने से कतराने लगे हैं। चोरी की लाइन में नई पीढ़ी जो आ रही है, उसका झुकाव ऑनलाइन ठगी की तरफ ज्यादा है। चोरी के नए-नए तरीके उसने ईजाद कर लिए हैं। फोन पर लोगों को उल्लू बनाकर खाते से पलभर में रुपया सफा-चट कर रहे हैं।

लेकिन मुझे तो जमीन से जुड़े पारंपरिक चोर ही अधिक पसंद हैं। वे चोरी करते हैं तो लगता है कि वास्तविक चोरी हुई है। चोरी की रपट लिखी जाती है। पुलिस मौका-ए-वारदात पर पहुंचती है। चोरी गई चीजों का हिसाब-किताब लगाया जाता है। ध्यान रहे, चोरी में गहने जरूर चुराते हैं। नकदी पर भी हाथ साफ किया जाता है। घर वालों, आस-पड़ोस, नौकर-चाकर से पूछताछ होती है। खबर अखबारों में छपती है। चार जन चाय और पान के खोके पर चर्चा करते हैं। मोहल्ले में दहशत का सा माहौल बनता है। चोरी होने वाले घर का दूर-दूर तक नाम होता है। कुछ भी कहिए, सीन पारंपरिक चोरी में ही बनता है।

विकट ठंड में चोरी कंपकंपी छुड़ा देती है। मगर पापी पेट की खातिर उन्हें यह करना पड़ता है। आखिर उनका भी परिवार है। उन्हें भी अपने शौक पूरे करने हैं। बीवी की पसंद और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का भी ध्यान रखना है। चोरों का भी दिल होता है। मैंने कहानियों में कई ऐसे चोरों के बारे में सुन रखा है, जो चोरी की कमाई गरीबों में बांट दिया करते थे। कभी निम्न वर्ग को परेशान नहीं करते थे। उनके टारगेट पर हमेशा धन्नासेठ ही रहा करते थे। कितने दयावान चोर थे वे। मेरा मानना है कि चोरी करना, कविता या व्यंग्य लिखने से कहीं कठिन काम है। जितनी अक्ल चोरी करने में लगानी पड़ती है न, उतनी गणित के सवाल हल करने में नहीं। लेकिन लोग हैं कि चोरों को हमेशा बद-दुआएं देते हैं। कभी उनका आदर-सम्मान नहीं करते। चोर हैं तो क्या, इंसान तो वे भी हैं। इतना तय है कि धरती से जैसे भ्रष्टाचार कभी नहीं मिट सकता, वैसे ही चोरी भी कभी खत्म नहीं हो सकती। चोरों में भी नई-नई नस्लें आती रहेंगी। नए-नए तरीके चोरी के ईजाद किए जाते रहेंगे परंतु चोरियां खत्म कभी न होंगी। ठंड के मौसम में चोरी करना निश्चित ही कर्रा काम है। मेरे विचार में ऐसे वीर चोरों को कोई न कोई पुरस्कार भी जरूर मिलना चाहिए! नहीं क्या...! *

विज्ञापन...

इंजेक्शन की नवीन तकनीक से स्पाइन रोगों का उपचार

सर्जरी के बिना ही सिर्फ इंजेक्शन तकनीक के जरिये स्पाइन (रीढ़) रोगों का बेहतर और विश्वसनीय उपचार विश्वविख्यात डॉ. प्रमोद पहारिया द्वारा ग्वालियर में हो रहा है। आईये जानते हैं इस तकनीक के असाधारण लाभ-

केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी से स्पाइन के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए डॉ प्रमोद पहारिया अवार्ड प्राप्त करते हुए।

इस ट्रीटमेंट की कितनी बार आवश्यकता होती है?
सिर्फ एक ही बार पर्याप्त है।

सर्जरी की अपेक्षा इस तकनीक के क्या फायदे हैं?
सर्जरी के दौरान पैरालिसिस, पैलाप्लेजिया, ब्लैडर एवं बोवेल के कंट्रोल में क्षति, पैरों में कमजोरी, इंफेक्शन, इंप्लांट फैलियर जैसे जो कॉम्पिलकेशन देखने को मिलते हैं, वैसा इसमें खतरा नहीं है।

किन मरीजों का इलाज इस तकनीक से संभव है?
डिस्क प्रोलेप्स जैसे L4-L5, L5-S1, साइटिका, लंबर या सर्वाइकल रेडीक्युलोपैथी, डिजरनेरेटिव डिस्क, फैसिट जॉइन्ट सिंड्रोम, माइलोपैथी, लंबर केनाल स्टेनोसिस, स्पॉन्डिलाइटिस आदि में कारगर है।

जो रोगी ऑपरेशन करवा चुके हैं उसमें भी यह कारगर है ?
यदि ऑपरेशन के बाद दबाव बना रहता या दोबारा दबाव आ जाता है तो उसमें भी यह तकनीकी कारगर है।

किस उम्र के लिये यह चिकित्सा है?
15 से 85 वर्ष के मरीजों के लिये।

एक डिस्क लेवल के ट्रीटमेंट में कितना खर्च आता है?
स्पाइन सर्जरी में जहां 3 लाख तक का खर्चा आता है वहीं यह उपचार मात्र 20000 तक में हो जाता है। विदेशों में इसका खर्च 50 गुना तक है।

कितने समय में रोगी घर जा सकता है?
एक घण्टे बाद ही घर जा सकता है। जबकि सर्जरी में 3 माह तक रोगी को अपने काम से अलग रहकर आर्थिक क्षति उठाना पड़ती है।

इस ट्रीटमेंट की सफलता की दर कितनी है?
90 से 95% सफल है। अब तक लगभग 7,500 मरीज हमेशा के लिए ठीक हो चुके हैं। यह इंजेक्शन प्रॉब्लम साइट में लगाया जाता है।

इस ट्रीटमेंट का असर कब तक रहता है?
इसमें जड़ से इलाज होता है।

क्या यह स्टेरॉइड इंजेक्शन है?
नहीं, यह एक भ्रम है। यह एक सेफ अमेरिकन प्रोसीजर है, जो एक **विशेष मशीन** की निगरानी में किया जाता है।

NBC@

डॉ. प्रमोद पहारिया
स्पाइन सर्जन
MBBS, D.Ortho, DNB, M.Ch. (Ortho)
पूर्व सर्जन- सर गंगाराम हॉस्पिटल एवं इंडियन स्पाइनल इंज्यूरी सेन्टर, नई दिल्ली
देहली हॉस्पीटल, ओल्ड श्री टॉकीज, बारादरी, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.)
समय: दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक
व्हाट्सएप पर रिपोर्ट भेजकर ही संपर्क करें
सम्पर्क – 7354858466 | www.nonsurgicalspinecentre.in

बीत रहे साल की विदाई और नए साल के स्वागत का जश्न पूरी दुनिया में उत्साह-उमंग से मनाया जाता है। अपने देश में भी न्यू ईयर ईव को पूरे जोश-ओ-खरोश के साथ सेलिब्रेट किया जाता है। देश के अलग-अलग स्थानों, खासकर टूरिस्ट प्लेसेस पर कैसी हो रही न्यू ईयर ईव के जश्न की तैयारी, आप जरूर जानना चाहेंगे।

न्यू ईयर ईव का जश्न हो रही तैयारी जोरदार

सेलिब्रेशन / लोकमित्र गौतम

साल 2025 विदा होने वाला है। इसके साथ ही नया साल 2026 आने के लिए तैयार है। बीते साल की विदाई और नए साल के स्वागत में पूरी दुनिया में दिसंबर माह के आखिरी सप्ताह में जश्न का माहौल रहता है। अपने देश में भी क्रिसमस के बाद सड़कों पर शाम होते ही रोशनी जगमगाने लगती है। बाजारों में चहल-पहल बढ़ जाती है और हर जगह अलविदा-ए-जश्न के रंग-बिरंगे पोस्टर चस्पा हो जाते हैं। वास्तव में अब नए वर्ष का स्वागत, धर्म-समुदाय से ऊपर उठकर साझे जश्न का पर्व बनकर उभरा है। यही कारण है कि उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक दुनिया के हर कोने में 31 दिसंबर की रात जश्न की रात होती है। हर साल की तरह इस साल भी नए साल के स्वागत में जश्न मनाने के लिए तैयार देश के कई शहर खासतौर पर तैयार हो रहे हैं।

दिल्ली हेरिटेज स्टाइल का सेलिब्रेशन: दिल्ली की सर्दी और न्यू ईयर के जश्न का जादू एक ऐसा सदाबहार कॉम्बिनेशन है, जिसका कहीं से कोई मुकाबला नहीं। इंडिया गेट के आस-पास होने वाले लाइट शो, राजपथ के कैफे में थीम नाइट्स और फाइव स्टार होटलों में क्लासिक फ्यूजन, न्यू ईयर ईव डिनर, सब सेलिब्रेशन मोड पर पहुंच चुके हैं। दिल्ली की खासियत है, यहां लोगों की गैदरिंग और

पसंद के हिसाब से हर तरह की पार्टियों का आयोजन किया जाता है। चाहे रॉयल हो या आधुनिक, शांत या उत्साह के शोर से भरपूर। यहां न्यू ईयर ईव के जश्न का हर रंग मौजूद होता है। जिसे यहां आकर ही फील किया जा सकता है।

गोवा सजने-संवरने लगे हैं सी-बीच: गोवा के समुद्रतटों पर नए साल के जश्न की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि गोवा की सागरतटीय रेत, इस बार भी विदाई पार्टियों की राजधानी बनेगी। अलग-अलग स्पेशल शोज के साथ निजी बीच क्लबों की झूमती डीजे नाइट्स की टिकटें रिकॉर्ड बुकिंग के साथ बीते सालों की तरह अपने मेहमानों का इंतजार कर रही हैं। लहरों पर लरजती रोशनी, रात भर मस्ती के आलाप में मगन रहने वाली धुनें और समुद्र के किनारे का काउंटडाउन, यही है गोवा के न्यू ईयर ईव के जश्न का जलवा। गोवा प्रायः हर साल ही देश में खासतौर पर जश्न-ए-विदाई का मेन सेंटर बन जाता है।

मुंबई सपनों के शहर में शानदार स्वागत: गेट वे ऑफ इंडिया की भव्य लाइटिंग, मरीन ड्राइव के किनारे लोगों का हुजूम और क्लबों में थिरकती थीम पार्टियां। मुंबई 2025 की विदाई के लिए क्रिस्टल काउंटडाउन थीम डिसाइड की गई है। न्यूऑन सेटअप, हाई वोल्टेज म्यूजिक और मध्य रात की आतिशबाजियां मिलकर, इस शहर की तेज रफ्तार

जिंदगी को कुछ और ही रहस्यमयी रौनक से लबरेज करती हैं। यहां सिर्फ पार्टियां ही नहीं होतीं, एक ग्लोबल तेवर के साथ नए साल का सेलिब्रेशन भी संपन्न होता है।

पुडुचेरी सौम्य-संस्कारों भरी विदाई: जो लोग शांति और सौम्यता में खुशी का एहसास करना चाहते हैं, उनके लिए उपयुक्त जगह है पुडुचेरी। पुडुचेरी भी साल 2025 की विदाई पार्टियों की तैयारी जोर-शोर से पूरी करने में लगा है। फ्रेंच क्वार्टर्स में जैज नाइट्स, आश्रमों में मेडिटेशन संध्या और रॉक बीच पर कैंडल-लिट-वॉक, ये सब यहां की न्यू ईयर हलचल को एक अलग ही रंग देते हैं। यहां का जश्न उन लोगों की पहली पसंद होता है, जो साल का स्वागत शोर से नहीं, अपने भीतर की गूंजती शांति और दमकती आभा के साथ करना चाहते हैं।

शिमला-मनाली बर्फ की चादर में खुशियों के रंग: उत्तर भारत के पर्वतीय शहरों में शिमला जैसा नए साल के उत्सव का जलवा किसी दूसरे शहर को नसीब नहीं है। इस बार यहां स्नो फेयरवेल नाइट्स की जोरदार तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। शिमला का ही एक्सटेंशन मनाली को माना जाता है। इसलिए इसे शिमला-मनाली जश्न की संज्ञा दी जाती है। यहां 31 दिसंबर की रात अकसर बर्फबारी होती है और यही इस जश्न का क्लाइमेक्स होता है। बर्फबारी के बीच अलाव, मध्यम संगीत और लग्जरी कैंप, मनाली-शिमला जश्न के रंग बिल्कुल अलग हैं। यहां न्यू ईयर की पार्टियों का जश्न दिलों में गमाईश भरता है, जिसे शब्द बयां नहीं कर सकते।

बैंगलुरु तारों की छांव में संगीतमय विदाई: हाल के वर्षों

में बैंगलुरु युवाओं का शहर कहा जाने लगा है और यह हर बार पुराने नियम तोड़कर नए नियम गढ़ता है। इस बार भी इसकी नए साल के जश्न की तैयारी भरपूर हो चुकी है। देश के सिलिकॉन वैली कहे जाने वाले इस शहर में ओपन एयर वेन्यू और रूफ टॉप्स पर इंटी बैंड्स पार्टियों की भरपूर तैयारी है। लाइव डीजे सेट, क्राफ्ट ब्रुअरी नाइट की तैयारियां अपने चरम पर हैं। टेक सिटी का यह अंदाज यहां आने वाले मेहमानों को याद दिलाता है कि नया साल सिर्फ पार्टी नहीं, एक नया और युवा जोश का जश्न है। ✻

तब न्यू ईयर बन जाएगा हेल्दी-हैप्पी-सक्सेसफुल

नया साल शुरू होने में कुछ ही दिन बचे हैं। आप जरूर सोच रहे होंगे कि आने वाले साल में ऐसा क्या करें, जिससे पूरा साल आपके लिए हेल्दी, हैप्पी और सक्सेसफुल साबित हो। हम दे रहे हैं, इससे रिलेटेड सजेशंस।

सजेशन / अंजू जैन

जाता हुआ साल हमारे मन में कुछ शिकायतें और अधूरी उम्मीदें छोड़ जाता है। बीता हुआ वक्त तो वापस आ नहीं सकता, इसलिए उसके बारे में सोचकर परेशान होने की बजाय हम बीते साल की कमियों और गलतियों की समीक्षा करें और आने वाले साल उन्हें सुधार लें तो हम नव वर्ष को हैप्पी बना सकते हैं।

रिलेशनशिप में बनी रहे गर्माहट

हमारे इर्द-गिर्द रहने वाले मित्र, परिवार के सदस्य, रिश्तेदार, सहकर्मी, सहपाठी, बिजनेस पार्टनर और पड़ोसी आदि हमारे जीवन को काफी हद तक प्रभावित करते हैं। इन सारे रिश्तों पर सरसरी तौर पर नजर डालें और समीक्षा करें। विचार करें कि आपने इनके लिए पूरे साल क्या किया और बदले में उन्होंने आपके साथ कैसा व्यवहार किया?

एक्शन: नए साल में इन सारे रिश्तों को आप प्राथमिकता के आधार पर कैटेगराइज करें। जिनसे आपको नेगेटिव रिएक्शन मिला, उन्हें सबसे निचले पायदान पर रखें। सहयोगी, स्नेहिल और केयरिंग लोगों को सर्वोच्च प्राथमिकता की श्रेणी में रखें। तय कर लें कि इस साल आप सिर्फ पॉजिटिव एटीट्यूड और सपोर्टिंग नेचर वाले रिलेशंस को मेंटेन करने में ही अपनी एनर्जी का उपयोग करना है। इससे आप साल भर इमोशनली खुश रहेंगे, आपका सपोर्ट सिस्टम स्ट्रॉन्ग होगा और रिश्ते भी इंप्रूव होंगे।

फिजिकल-मेंटल हेल्थ का रखें ध्यान

अपनी हेल्थ को लेकर खुद से कुछ बुनियादी सवाल पूछें। आपने अंतिम बार कब अपना बीपी चेक करवाया था? आपके हार्ट की हेल्थ का क्या हाल है? क्या आप मॉर्निंग वॉक, वर्कआउट या किसी फिजिकल एक्टिविटी में इंवॉल्व हैं? क्या आपको रात को ठीक से नींद नहीं आती है? इन सवालों के जवाब ईमानदारी से दें और अगर जवाब निराशाजनक है, तो अब आपको एलर्ट हो जाना चाहिए।

एक्शन: इस बात का इंतजार न करें कि आपको बड़ी बीमारी घेर ले। ज्यादा देर न करके साल की शुरूआत में ही अपने जनरल फिजिशियन से मिलें और अपना हेल्थ चेक करवाएं। पक्का निश्चय कर लें कि आप रोज 30 मिनट किसी न किसी प्रकार की फिजिकल एक्टिविटी में जरूर इंवॉल्व होंगे। स्मार्टफोन का सीमित और जरूरी प्रयोग करेंगे और नशे से दूर रहेंगे। मेडिटेशन से मानसिक स्वास्थ्य भी दुरुस्त रखेंगे।

फाइनेंस इश्यूज को ना करें इग्नोर

हर नए साल में आपको चाहिए कि आप अपनी वित्तीय स्थिति पर गंभीरतापूर्वक विचार करें। वित्तीय रूप से सुरक्षित भविष्य के लिए फाइनेंस इश्यूज को इग्नोर ना करें।

एक्शन: फाइनेंस से जुड़े अपने कमजोर पहलुओं को समझें। इस साल के लिए कुछ वित्तीय लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें हासिल करने की प्लानिंग भी बनाएं। घर में सबके लिए हेल्थ इंश्योरेंस और अपने लिए रिटायरमेंट प्लान सुनिश्चित करें।

करियर को दें नई दिशा

अगर बीते साल आपका करियर आपकी उम्मीदों के मुताबिक परिणाम देने वाला नहीं रहा। आपकी नई जॉब पाने की कोशिशें असफल हो गईं। ऐसे में वक्त है एलर्ट होने का।

एक्शन: नए साल में आपका करियर और आत्मविश्वास डांवाडोल न रहें, इसके लिए सबसे पहले खुद को अपडेट करें। अपने प्रोफेशन से जुड़ी नवीनतम जानकारियां हासिल करें। कोई नई स्किल सीखें। अपनी पर्सनालिटी में निखार लाएं। कम्युनिकेशन स्किल इंप्रूव करें। अपना रेज्यूमे अच्छी तरह से दोबारा तैयार करें। लगातार जॉब हंटिंग करते रहें। अपने बॉस और कलीग्स के साथ रिश्तों को सुधारें।

सबसे जरूरी है आत्मसंतुष्टि

अगर आपने पूरा वक्त सिर्फ दूसरों को खुश करने में बिता दिया तो समझ लीजिए कि आपने जिंदगी को बिताया है, जिया नहीं है। जिंदगी आपकी है, इसलिए आपको खुद को खुश करने का पूरा हक है।

एक्शन: हर रोज कम से कम दो घंटे अपनी खुशी के लिए कुछ करें। चाहे वह आपकी हॉबीज को अटेंड करने की बात हो या फिर अपने अरमान पूरे करने की। हर किसी को खुश करने की आदत छोड़ें और सिर्फ उनकी परवाह करें जिनके नाराज होने से आपको वाकई फर्क पड़ता हो।

बस, इन बातों का ध्यान रखकर, इन्हें अमल में लाकर आप अपने नए साल को खुशहाल बना सकते हैं। ✻

किसी देश की तरक्की मापने का एक पैमाना यह भी होता है कि उस देश ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कितनी तरक्की की है? भारत के लिए विज्ञान-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में स्वर्णिम उपलब्धियों से भरा रहा साल 2025। इस वर्ष देश की उपलब्धियों पर एक नजर।

साइंस और टेक्नोलॉजी-2025 साल की शानदार अचीवमेंट्स

साइंस-टेक / संजय श्रीवास्तव

इस साल हमने दुनिया को यह दिखा दिया कि विज्ञान, तकनीक और उससे जुड़े क्षेत्रों में प्रगति के मामले में हम किसी के कम नहीं। इस साल देश ने विज्ञान, तकनीक, पर्यावरण तथा कृषि जैसे क्षेत्रों में जो उपलब्धियां हासिल कीं वे अभूतपूर्व हैं। भारत विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा संबंधित क्षेत्रों में जिस तरह प्रगति कर रहा है, जल्द ही वह संसार के चुनिंदा विकसित देशों की बराबरी करने लगेगा। बेशक इसमें सरकार की नीतियों, हमारे वैज्ञानिकों और संस्थाओं का सम्मिलित प्रयास शामिल है लेकिन हमें अपने शिक्षा संस्थानों का योगदान भी नहीं भूलना चाहिए।

शुभांशु शुक्ला ने किया गौरवान्वित: शुभांशु शुक्ला इस वर्ष देश ही नहीं, दुनिया भर में चर्चा के केंद्र में रहे। एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा बने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय बने।



युवा प्रतिभाओं की भूमिका पर जोर: इस बार राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का विषय था, 'विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व हेतु भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना'। यह देखना सुखद था कि सरकार ने इस नारे के उद्देश्य को जमीन पर उतारा तथा युवा प्रतिभाओं की भूमिका पर जोर दिया। इसके चलते नवाचारों में उल्लेखनीय बढ़त दिखी। सरकार का सबसे ज्यादा जोर सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, एआई तथा अन्य महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों पर रहा। सरकार ने वैश्विक आपूर्ति श्रंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने और सामरिक आत्मनिर्भरता हासिल करने, अपनी चिप विनिर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए भी भारी निवेश इस वर्ष किया।

नवाचार की दिशा में बढ़े कदम: एआई और स्टार्टअप्स को समर्थन देने के लिए इस साल कई नीतियां और प्रोत्साहन कार्यक्रम लागू किए गए। एसईआरबी का नाम बदलकर 'विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड और नवाचार', यानी 'एसआरबीआई' कर दिया गया। अब यह अकादमिक अनुसंधान को वित्तपोषित करने के साथ-साथ बाजार-आधारित नवाचारों को भी बढ़ावा दे रहा है। इसका नतीजा भी इसी साल दिखा, देश ने अंतरिक्ष मिशनों के लिए डिजाइन किया अपना पहला स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर 'विक्रम 32' विकसित और प्रदर्शित किया गया। यह उपलब्धि देश को सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगा। इससे देश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और रक्षा प्रणालियों जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में वैश्विक खिलाड़ी के रूप में स्थापित हो सकेगा।

इसरो की उल्लेखनीय उपलब्धियां: हर साल की तरह अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपनी उपलब्धियों से देश को गौरवान्वित होने के कई अवसर दिए। इसरो ने इस वर्ष की शुरुआत में 16 जनवरी को, अपना पहला ऑन-ऑर्बिट डॉकिंग प्रयोग स्पेडेक्स सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसके तहत लगभग 28,400 किमी प्रतिघंटा की गति से यात्रा करने वाले दो उपग्रहों को साथ लाकर डॉक किया। ऐसा करने वाला भारत दुनिया का चौथा देश बन गया। 30 जुलाई को जीएसएलवी एफ 16 रॉकेट के माध्यम से नासा इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार, निसार उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया जो पृथ्वी अवलोकन उपग्रह आपदा प्रबंधन, पारिस्थितिकी तंत्र निगरानी और जलवायु परिवर्तन के अध्ययन में मदद करेगा। अभी कुछ ही दिन पहले अमेरिका के करीब छह टन वजनी संचार उपग्रह को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। कुल मिलाकर भारत को वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति के रूप में और मजबूत करने वाले इसरो ने 2025 में 200 से अधिक महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं।

डीआरडीओ ने बढ़ाई रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता: रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और टाटा जैसे स्वदेशी तकनीकी स्टार्टअप्स ने मिलकर रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की। इन उपलब्धियों ने थलसेना, वायुसेना और नौसेना की परिचालन क्षमताओं को काफी बढ़ाया। 2 दिसंबर 2025 को डीआरडीओ ने सशस्त्र बलों को घरेलू स्तर पर विकसित सात प्रौद्योगिकियां सौंपीं। टाटा-डीआरडीओ ने जल, थल दोनों पर चलने वाला बख्तरबंद वाहन विकसित किया है, इसके द्वारा विकसित इंटरनेट ऑफ थिंग्स आधारित हथियार प्रशिक्षण प्रणाली और युद्ध सिमुलेशन ने प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बना दिया। डीआरडीओ ने वायु सेना के लिए एयरबोर्न सेल्फ-प्रोटेक्शन जैमर हेतु स्वदेशी हाई-वोल्टेज बिजली आपूर्ति प्रणाली विकसित किया। भारतीय नौसेना को डीआरडीओ ने ऐसी समुद्री जल बैटरी प्रणाली सौंपी है कि वह पानी के भीतर लंबी अवधि तक रह सकती है।

तकनीकी क्षेत्र में अन्य उपलब्धियां: आईआईटी मुंबई के शोधकर्ताओं ने इस वर्ष देश का पहला स्वदेशी 'क्वांटम डायमंड माइक्रोस्कोप' विकसित किया, जो सूक्ष्म चुंबकीय क्षेत्रों का सटीक पता लगाने में सक्षम है। यह क्वांटम प्रौद्योगिकी के वैश्विक विकास में भारत के योगदान को मजबूत करता है। नए परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के साथ परमाणु ऊर्जा विभाग ने भी इस साल उल्लेखनीय प्रगति की है।

कृषि क्षेत्र में इस साल एआई, इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी तकनीक का इस्तेमाल कर प्रेसिजन एग्रीकल्चर और जीन एडिटिंग, बायोफोर्टिफाइड बीज आधारित खेती को व्यापक रूप से अपनाया गया। इससे फसलों की पैदावार बढ़ेगी तो पानी जैसे कृषि संसाधनों की खपत में कमी आएगी। कुल मिलाकर यह कह सकते हैं कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बीता साल बहुत उत्साहवर्धक और प्रेरक रहा। ✻

इस साल थिएटर-ओटीटी पर किन फिल्मों ने मचाया धमाल

बॉलीवुड-2025 / कैलाश सिंह

बीत रहे साल में जहां कुछ फिल्मों ने उम्मीद से अधिक सक्सेस हासिल की, वहीं कुछ बिग बजट-बैनर की फिल्में भी कोई कमाल नहीं दिखा सकीं। फिल्मों के प्रति दर्शकों के टेस्ट में आए बदलाव की वजहें और इस साल रिलीज फिल्मों-ओटीटी शोज पर एक नजर।

'सैयारा' दर्शकों ने खूब किया पसंद

'कांतारा' साल की सबसे सफल फिल्मों में से एक

बीते कई सालों की तरह 2025 भी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के लिए मिला-जुला रहा। कई बड़े बजट की फिल्में फ्लॉप रहीं तो कुछ छोटे बजट की फिल्में भी सक्सेसफुल रहीं। इस साल थिएटर में फिल्म देखने के संदर्भ में दर्शकों की घटती रुचि के बारे में कई प्रकार की चर्चाएं भी हुईं। सिनेमाघर मालिक सारे साल यह बहस करते रहे कि दर्शकों का थिएटर से दूर होने के पीछे का असल मुद्दा, फिल्मों का निरंतरता के साथ रिलीज न होना है। हाल के वर्षों में सात फिल्मों ने 500 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की, जिससे सिद्ध होता है कि अच्छी फिल्मों की मांग अब भी बहुत है। लेकिन जब एक के बाद दूसरी रिलीज में बहुत फासला बढ़ जाता है, तो दर्शकों की सिनेमाघर में आने की दिलचस्पी कम हो जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर फिल्म निरंतरता के साथ रिलीज हों तो कंडीशन सुधर सकती है। कई वितरकों का तर्क है कि अधिक टैक्स के कारण टिकट्स के दाम बढ़ गए हैं, जिससे दर्शक सिनेमाघरों की तरफ कदम नहीं बढ़ा रहे हैं।

'धुरंधर' रही साल की सर्वाधिक सफल फिल्म

बदल रही दर्शकों की पसंद: चेन्नई के एक कार्यक्रम में अभिनेता कमल हासन ने कहा, 'आज क्षेत्रीय, नया राष्ट्रीय बन गया है और देशज, नया अंतरराष्ट्रीय। जो कहानियां मदुरै, मालाप्पुरम, मांड्या या मछलीपट्टनम में जन्म ले रही हैं, वह अब क्षेत्रीय सिनेमा नहीं है, वे राष्ट्रीय सांस्कृतिक घटनाएं हैं। एक फिल्म जिसकी जड़ें तटीय कर्नाटक में हैं जैसे 'कांतारा', पूरे देश में पसंद की जाती है।' भारतीय मनोरंजन के बदलते लैंडस्केप और ओटीटी की बढ़ती प्रासंगिकता के बारे में हासन का कहना है, 'भारत का मीडिया और मनोरंजन बदल रहा है। आज की कहानियां वास्तव में दर्शक के साथ यात्रा करती हैं।'

नहीं चला कोई स्पेशल जॉनर: इस साल दर्शकों द्वारा पसंद की गई फिल्मों की बात करें तो हॉरर जॉनर ने प्रभाव अवश्य छोड़ा, लेकिन किसी विशेष जॉनर ने सिनेमा में राज नहीं किया। गौरतलब है कि वर्ष 2025 में हॉलीवुड की अलग-अलग जॉनर की फिल्में देश के विभिन्न हिस्सों में रिलीज की गईं, लेकिन अतीत की तरह किसी खास जॉनर- हॉरर, ड्रामा या सुपरहीरो ने सफलता की गारंटी नहीं दी। आज दर्शक बहुत अधिक चूजी हो गए हैं और सिनेमाघर में तभी जाते हैं, जब फिल्म उनकी उम्मीदों के अनुरूप हो। इस नजरिए से 'इंटरस्टेलर' के री-रिलीज को देख सकते हैं, जो भारत में 2025 में सबसे अधिक कमाई करने वाली हॉलीवुड फिल्म बनी और नई रिलीज से भी आगे निकल गई। 'इंटरस्टेलर' के अतिरिक्त जिन ग्लोबल फिल्मों को इस साल पसंद किया गया वे हैं, 'एफ1,' 'जुरासिक वर्ल्ड', 'मिशन इंपॉसिबल', 'द कांजुरिंग 4', 'डेमन स्ल्येर' और 'फाइनल डेस्टिनेशनः ब्लडलाइंस।'

इस साल रिलीज सफल फिल्में: बात अगर इस साल रिलीज देश में बनी सफल फिल्मों की करें तो 'कांताराः ए लीजेंड चैप्टर 1' भारतीय दर्शकों की सबसे पसंदीदा फिल्म बनी। इस फिल्म को 6 लाख लोगों ने दोबारा देखा। एडवांस बुकिंग की बात करें तो 'कुली' फिल्म की 2.4 मिलियन सीटें पहले से रिजर्व की गईं। अन्य फिल्में, जिन्हें दर्शकों ने इस साल खूब पसंद किया वो थीं, 'छावा', 'सैयारा', 'महावतार नरसिम्हा', 'लोखा', 'थुदारुम', 'वॉर-2', 'सितारे जमीन पर' और 'धुरंधर'।

बॉक्स ऑफिस कलेक्शन: बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के लिहाज से देखें तो दशहरे के सप्ताहंत पर सबसे ज्यादा फिल्में देखी गईं। उस दौरान 6.3 मिलियन टिकट बिके, जो फिल्में अक्टूबर 2025 में रिलीज हुईं, उन्होंने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 1,669 करोड़ रुपए की कमाई की। जनवरी से अक्टूबर 2025 तक कुल मिलाकर 11,077 करोड़ रुपए की कमाई हुई, जोकि 2024 की इसी अवधि की तुलना में 24 प्रतिशत अधिक रही। अभी तक सबसे अधिक कमाई (735 करोड़ रूपए) 'कांताराः ए लीजेंड चैप्टर 1' ने की। हालांकि 'धुरंधर', बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के बेस पर 'कांतारा' को भी पीछे छोड़ कर इस साल की सबसे अधिक कमाई वाली फिल्म बन गई है।

री-रिलीज फिल्में भी की गईं पसंद: इस साल बॉक्स ऑफिस पर पुरानी री-रिलीज फिल्मों का भी बोलबाला रहा। इन फिल्मों ने नॉस्टैल्जिया की वजह से दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। इस सिलसिले में हैदराबाद भारत का री-रिलीज कैपिटल रहा। 'ये जवानी है दीवानी', 'सनम तेरी कसम', 'सालार', 'आदू' और 'रामाबनम' जैसी टॉप थ्रोबैक फिल्में सबसे सफल रहीं। ✻

टॉप ट्रेंडिंग ओटीटी शोज

बीते कुछ वर्षों में एंटरटेनमेंट की एक समानांतर दुनिया विकसित हुई है। इन दिनों थिएटर में रिलीज फिल्मों के साथ-साथ ओटीटी शोज को भी दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड', 'ब्लैक वारंट', 'पाताल लोक (सीजन 2)', 'पंचायत (सीजन 4)', 'मंडाला मर्डर्स', 'खौफ', 'स्पेशल ऑप्स (सीजन 2)', 'खाकी : द बंगाल चैप्टर', 'द फैमिली मैन (सीजन 3)' और 'क्रिमिनल जस्टिसः ए फैमिली मैटर' जैसे ओटीटी शोज को दर्शकों ने खूब पसंद किया।

दर्शकों को भाया 'द फैमिली मैन' (सीजन 3)